
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com



आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार



प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

वर्ष -09 अंक -122 | प्रयागराज ,गुरुवार,20,जुलाई, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु के मंत्री बालाजी और उनकी पत्नी ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मंत्री वी सैंथिल बालाजी और उनकी पत्नी मेगाला ने सुप्रीम कोर्ट में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर कर मद्रास हाई कोर्ट के 14 जुलाई के आदेश को चुनौती दी है। तमिलनाडु के मंत्री वी सैंथिल बालाजी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। हाई कोर्ट ने मनी लांड्रिंग मामले में ईडी द्वारा बालाजी की गिरफ्तारी को बरकरार रखा था। हाई कोर्ट ने राज्य के परिवहन विभाग में नौकरियों के बदले धन लेने से संबंधित मामले में एक सत्र अदालत द्वारा न्यायिक हिरासत और बाद में रिमांड को भी वैध माना था। हाई कोर्ट ने मनी लांड्रिंग मामले में ईडी द्वारा बालाजी की गिरफ्तारी को बरकरार रखा था। गिरफ्तारी को बरकरार रखने के अलावा हाई कोर्ट ने राज्य के



परिवहन विभाग में नौकरियों के बदले धन लेने से संबंधित मामले में एक सत्र अदालत द्वारा न्यायिक हिरासत और बाद में रिमांड को भी वैध माना था। यह मामला तब का है जब पूर्ववर्ती सरकार में बालाजी परिवहन मंत्री थे। बालाजी तमिलनाडु कैबिनेट में बिना विभाग के मंत्री पद पर बने हुए हैं। बालाजी की पत्नी की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई के लिए हाई कोर्ट द्वारा जस्टिस सी वी कार्तिकेयन को तीसरे जज के रूप में नामित किया गया था। जस्टिस कार्तिकेयन खंडपीठ द्वारा दिए गए फैसले के बाद जस्टिस डी भरत चक्रवर्ती के निष्कर्षों से सहमत हुए। जस्टिस चक्रवर्ती ने बालाजी की गिरफ्तारी को बरकरार रखा था। तीसरे न्यायाधीश ने माना कि आरोपित को जांच को विफल करने का कोई अधिकार नहीं है।

## राज्यसभा में एकजुट विपक्ष पर भी भारी बीजेपी, कांग्रेस के समर्थन के बाद भी अध्यादेश को वापस कराना नहीं होगा आसान


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के अध्यादेश के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) को कांग्रेस का समर्थन मिलते ही पक्ष-विपक्ष की शक्ति का आकलन किया जाने लगा है। लेकिन, लोकसभा की तरह ही राज्यसभा में भी संख्या बल के हिसाब से विपक्ष के आगे भाजपा कमजोर पड़ती नहीं दिख रही है। उच्च सदन में पहली बार भाजपा सदस्यों की संख्या इतनी हुई है दिल्ली सरकार के अध्यादेश के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) को कांग्रेस का समर्थन मिलते ही पक्ष-विपक्ष की शक्ति का आकलन किया जाने लगा है। लेकिन लोकसभा की तरह ही राज्यसभा में भी संख्या बल के हिसाब से विपक्ष के आगे भाजपा कमजोर पड़ती नहीं दिख रही है। उच्च सदन में पहली बार भाजपा सदस्यों की संख्या इतनी हुई है। ऐसे में मानसून सत्र के दौरान यदि अध्यादेश पर मतदान की स्थिति आती भी है तो संयुक्त विपक्ष पर भाजपा भारी पड़ने की स्थिति में है। हालांकि, अध्यादेश को पारित कराने के लिए उसे अन्य दलों का भी सहारा लेने की जरूरत पड़ जाएगी, क्योंकि उसके पास आठ सदस्य कम पड़



रहे हैं अभी राज्यसभा में कुल सदस्यों की संख्या 237 है। ऐसे में किसी भी अध्यादेश को पारित कराने के लिए कम से कम 119 सदस्यों की जरूरत पड़ेगी, जबकि भाजपा के सिर्फ 92 सदस्य ही हैं। यदि मनोनीत पांच सदस्यों को भी शामिल कर लिया जाए तो यह संख्या 97 पर पहुंच जाती है।एआइएडीएमके के चार सदस्यों के साथ अन्य सहयोगी दलों को मिलाकर एनडीए की कुल शक्ति 111 सदस्यों की हो जाती है। स्पष्ट है कि उसे पर्याप्त संख्या तक पहुंचने के लिए आठ सदस्य और चाहिए। इस स्थिति से उसे भाजपा एवं कांग्रेस से समान दूरी बनाकर चल रहे बीजद एवं वाईएसआरपी से सहारा मांगने की जरूरत पड़ जाएगी इन दलों की भूमिका पर होगी नजर बसपा, जेडीएस एवं टीडीपी के सदस्यों की भूमिका भी परिणाम को प्रभावित कर सकती है। उच्च सदन में सदस्यों की संख्या के लिहाज से कांग्रेस दूसरे नंबर पर है, जिसके पास 30 सदस्य हैं। अध्यादेश का प्रबल विरोध कर रहे आम आदमी पार्टी के पास 10 और तृणमूल कांग्रेस के पास 13 सदस्य हैं। विपक्ष के सभी दलों को मिलाकर कुल सदस्यों की संख्या 98 हो जाती है। स्पष्ट है कि अध्यादेश को वापस कराने के लिए जरूरी संख्या से विपक्ष काफी दूर है।

## यूक्रेन संकट और चीन की हरकतों पर पीएम मोदी और मैक्रों ने की बातचीत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में आगामी जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन के बारे में पूछे जाने पर सूत्रों ने बताया कि फ्रांस और इसके पश्चिमी सहयोगी



देशों का मानना है कि जी-20 की बाली में हुई शिखर बैठक के बाद से यूक्रेन मामले में कोई सुधार नहीं हुआ है। वे पिछले वर्ष के संयुक्त घोषणा-पत्र में यूक्रेन संकट को लेकर किए गए वादे से कम पर कोई समझौता भी नहीं करेंगे भारत करेगा सहमति बनाने का प्रयास जी-20 के अध्यक्ष के तौर पर भारत दिल्ली में सितंबर में होने वाले शिखर सम्मेलन के संयुक्त घोषणा पत्र में यूक्रेन संकट को लेकर आम सहमति बनाने का प्रयास कर रहा है। यूक्रेन संकट से संबंधित विषय वस्तु को लेकर पश्चिमी देशों और रूस-चीन के गठजोड़ के बीच गहरे मतभेद रहे हैं। यूक्रेन संकट से संबंधित दो पैरे जी-20 के बाली घोषणा-पत्र से लिए गए हैं।रूस और चीन ने पहले यूक्रेन संकट को लेकर बाली घोषणा पत्र के दो पैरों पर सहमति व्यक्त की थी, लेकिन इस वर्ष वे इससे पीछे हट गए हैं, जिससे इस जटिल मुद्दे पर आम सहमति बना पाने में भारत को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## संसद सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक, विपक्ष का सहयोग मांगेगी केंद्र सरकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार से शुरू होने जा रहे संसद के मानसून सत्र से पहले बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में मानसून सत्र से संबंधित



कई मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा। संसद के सुचारु संचालन के लिए सरकार विपक्ष का सहयोग मांगेगी। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई थी, लेकिन इस बैठक को टाल दिया गया, क्योंकि कई दलों के नेता उपलब्ध नहीं थे मंगलवार को विपक्षी दल बेंगलुरु में बैठक कर रहे थे, वहीं सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक राष्ट्रीय राजधानी में हुई। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल समेत कैबिनेट सहयोगियों के साथ बैठक की है सूत्रों ने कहा कि इस बैठक में बुधवार को होने वाली सर्वदलीय बैठक को लेकर रणनीति बनाई गई। गौरतलब है कि संसद सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने की परंपरा रही है, जिसमें विभिन्न दल अपने मुद्दों को रखते हैं।इस बैठक में सरकार के वरिष्ठ मंत्री शामिल होते हैं। ऐसी कई बैठकों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हिस्सा लिया है। मानसून सत्र की शुरुआत 20 जुलाई को होगी। सत्र 11 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान संसद के दोनों सदनों की कुल 17 बैठकें प्रस्तावित हैं। सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। एक ओर जहां सत्ता पक्ष महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने का प्रयास करेगा, वहीं दूसरी ओर विपक्ष मणिपुर हिंसा, रेल सुरक्षा, महंगाई और अदाणी मामले पर जेपीसी गठित करने की मांग सहित अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा।

## ई-सिगरेट बेचने पर 15 वेबसाइटों को स्वास्थ्य मंत्रालय ने भेजा नोटिस बिक्री बंद करने का दिया निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट (ई-सिगरेट) बेचने पर 15 वेबसाइटों को नोटिस भेजा है। उन्हें ई-सिगरेट का विज्ञापन और बिक्री बंद करने का निर्देश दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अगर वे नोटिस का जवाब नहीं देते हैं और कानून का पालन नहीं करते हैं तो इन वेबसाइटों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छह और वेबसाइट पर भी सरकार की नजर है। उन्हें भी नोटिस दिया जा सकता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट को बेचने पर 15 वेबसाइटों को नोटिस भेजा है। वेबसाइटों को नोटिस प्राप्त होने के 36 घंटे के भीतर जवाब देने के लिए कहा गया था। जिन 15 वेबसाइटों को नोटिस जारी किया गया है उनमें से चार ने जबाब दिया और परिचालन बंद कर दिया है जबकि बाकी ने अभी तक जवाब नहीं दिया है। मंत्रालय इंटरनेट मीडिया पर ई- सिगरेट की बिक्री और विज्ञापन पर नजर रखे हुए है। इलेक्ट्रानिक सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने के लिए वर्ष 2019 में



कानून लागू हुआ। इसके तहत ई-सिगरेट के उत्पादन, निर्माण, निर्यात, आयात, आवाजाही, बिक्री, वितरण, भंडारण और विज्ञापन पर प्रतिबंध है। नोटिस में कहा गया है, हमने पाया है कि ई सिगरेट की बिक्री और ऑनलाइन विज्ञापन से जुड़ी सूचनाएं आपके प्लेटफार्म पर प्रदर्शित, प्रकाशित, प्रसारित एवं साझा की जा रही हैं जो गैरकानूनी है। साक्ष्य को नुकसान पहुंचाए बिना इसे हटाएं। निर्देश का अनुपालन नहीं करने पर मुकदमा चलाया जा सकता है। आइटी अधिनियम और/या इलेक्ट्रानिक सिगरेट निषेध अधिनियम के तहत जुर्माना भी लगाया जा सकता है। वेबसाइटों को नोटिस प्राप्त होने के 36 घंटे के भीतर जवाब देने के लिए कहा गया था। सूत्र ने बताया कि जिन 15 वेबसाइटों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें से चार ने जबाब दिया और परिचालन बंद कर दिया है, जबकि बाकी ने अभी तक जवाब नहीं दिया है। मंत्रालय ने फरवरी में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ई-सिगरेट पर प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए लिखा था और इस बात पर चिंता जताई थी कि ई-सिगरेट अभी भी ऑनलाइन और स्थानीय विक्रेताओं के पास उपलब्ध हैं।

## राजीव गांधी हवाई अड्डे पर तस्करों से 1.3 करोड़ रुपए का सोना जब्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हैदराबाद।** राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्ड पर हैदराबाद सीमा शुल्क ने दिनांक 17 जुलाई को 2 मामलों में 1.03 करोड़ रुपए और 1.725



किलोग्राम तस्करी का सोना जब्त किया है।राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (ढ्ढ) पर हैदराबाद सीमा शुल्क ने दिनांक 17 जुलाई को 2 मामलों में 1.03 करोड़ रुपए और 1.725 किलोग्राम तस्करी का सोना जब्त किया है।सीमा शुल्क विभाग के मुताबिक पहले मामले में दुबई के रास्ते कुवैत से आ रहे एक यात्री से 72.55 लाख रुपए का कुल 1.225 किलो सोना जब्त किया था। 1.225 किलो सोना जब्त किया था। यात्री को सीमा शुल्क अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, दूसरे मामले में कुवैत से दोहा के रास्ते हैदराबाद पहुंचे एक यात्री से 30.51 लाख रुपए का कुल 500 ग्राम सोना जब्त किया गया है। दोनों यात्री सोना तस्करी कर ला रहे थे। सीमा शुल्क विभाग ने ट्वीट कर बताया मामले की आगे जांच जारी है।

(यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया है सीमा शुल्क विभाग के मुताबिक, पहले मामले में दुबई के रास्ते कुवैत से आ रहे एक यात्री से 72.55 लाख रुपए का कुल)

## जी 20 में सहमति बनाने में पूरी मदद करेगा फ्रांस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फ्रांस ने कहा है कि वह भारत की अध्यक्षता में होने वाली जी-20 देशों की शिखर सम्मेलन को पूरी तरह से सफल बनाने में पूरी मदद कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। खास तौर पर सितंबर, 2023 में होने वाली शिखर सम्मेलन में आम समहति से एक साझा घोषणा पत्र जारी करने में भी भारत की कोशिशों में मदद करेगा भारत में फ्रांस के राजदूत एमानुएल लीनैन ने यहां संवददाताओं को दी। वह पीएम मोदी की हाल ही में संपन्न फ्रांस यात्रा की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि भारतीय प्रधानमंत्री और फ्रांस के राष्ट्रपति के बीच वार्ता के बाद द्विपक्षीय रिश्तों के संदर्भ में अगले 25 वर्षों का जो एजेंडा तय किया गया है उसके सिर्फ द्विपक्षीय रिश्तों पर ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर असर होगा। यह जानकारी भारत में फ्रांस के राजदूत एमानुएल लीनैन ने यहां संवददाताओं को दी। वह पीएम मोदी की हाल ही में संपन्न फ्रांस यात्रा की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि भारतीय प्रधानमंत्री और फ्रांस के राष्ट्रपति के बीच वार्ता के बाद द्विपक्षीय रिश्तों के संदर्भ में अगले 25 वर्षों का जो एजेंडा तय किया गया है उसके सिर्फ द्विपक्षीय रिश्तों पर ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर असर होगा। लीनैन



ने बताया कि फ्रांस भारत का सबसे पुराना रणनीतिक साझेदार है और फ्रांस की राजनीति में यह आम सहमति है कि इस साझेदारी को और ज्यादा मजबूत किया जाना चाहिए। यह बात पीएम मोदी की फ्रांस यात्रा में सामने भी आई। रक्षा सहयोग को मजबूत करने के साथ ही अब दोनो देश अंतरिक्ष, नई प्रौद्योगिकी जैसे नये क्षेत्रों के साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रिश्तों का विस्तार करेंगे।

## दिल्ली में घटा जलस्तर; यूपी, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश ने जनजीवन किया बेहाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली और पश्चिमी यूपी में यमुना का पानी अब भी परेशानी का कारण बना हुआ है। आगरा में खतरे के निशान से चार फीट ऊपर बह रही यमुना का पानी शहर में घुस गया है। इससे 90 गांव बाढ़ से घिर गए हैं। वहीं, मंगलवार को दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान (205.33 मीटर) से नीचे आ गया। इससे दिल्ली में फिलहाल बाढ़ का खतरा टल गया है, लेकिन यमुना अब भी चेतावनी के स्तर (204.50 मीटर) से ऊपर है। उत्तराखंड में दो दिन की राहत के बाद वर्षा ने एक बार फिर दुश्वारियां खड़ी कर दी हैं। रुद्रप्रयाग में गौरीकुंड हाईवे सोमवार रात 12 बजे से बाधित है। एक हजार से अधिक यात्री हाईवे पर फंसे हुए हैं। बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री मार्ग भी दिनभर बाधित होते रहे। प्रदेश में 125 से अधिक मार्ग अवरुद्ध मूसलधार वर्षा और भूस्खलन से प्रदेशभर में करीब एक दर्जन मकान, विद्यालय और दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। कई बीघा खेत-खलिहान मलबे से पट गए।



गोशालाएं भी ध्वस्त हुई हैं। प्रदेश में 125 से अधिक मार्ग अवरुद्ध हैं। यहां बुधवार को मौसम कुछ राहत दे सकता है। हालांकि, शुक्रवार को भारी वर्षा की चेतावनी है।उत्तर प्रदेश में मंगलवार को बारिश का थमा रहा, मगर कई जिलों में यमुना और गंगा का जलस्तर बढ़ना जारी है। आगरा में 800 बीघा फसल जलमग्न हो गई है। कई गांवों का संपर्क मार्ग टूट गया है। तनौरा और सुरैरा के बीच में टापू बन जाने से 48 घंटे से फंसे 13 लोगों को एनडीआरएफ ने सुरक्षित निकाला। पोइया घाट मोक्षधाम पूरी तरह बंद हो गया है। इटावा और प्रयागराज में भी यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बनारस में लगातार बढ़ रहे गंगा के जलस्तर के कारण मणिकर्णिका समेत कई घाट पानी में डूब गए हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर भी कुछ सीढ़ियां जलमग्न हैं। दिव्यांगों के लिए बने रैंप तक पानी पहुंच गया है। फर्रुखाबाद और प्रयागराज में भी गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है।पूरे मध्य प्रदेश में भी वर्षा का सिलसिला शुरू हो गया है। भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, इंदौर एवं उज्जैन संभागों के जिलों में झमाझम वर्षा होने के आसार हैं। सारणी क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के दौरान तेज वर्षा से सतपुड़ा जलाशय में पानी का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। नर्मदापुरम के तवा बांध में जलस्तर बढ़ रहा है। विदिशा, रायसेन में बेतवा नदी भी उफान पर हैं।

## 'भारतीय संस्कृति का नहीं करने देंगे अपमान', ओटीटी प्लेटफार्म की बैठक में अनुराग ठाकुर ने दिया कड़ा संदेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को 'ओवर द टॉप' (ओटीटी) मीडिया प्रसारकों से मंगलवार को कहा कि सरकार रचनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर भारतीय संस्कृति और समाज को अपमानित करने की अनुमति नहीं देगी सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को 'ओवर द टॉप' (ओटीटी) मीडिया प्रसारकों से मंगलवार को कहा कि सरकार रचनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर भारतीय संस्कृति और समाज को अपमानित करने की अनुमति नहीं देगी। अनुराग ठाकुर ने यह बात ओटीटी प्लेटफार्म के प्रतिनिधियों की एक बैठक के दौरान कही। उन्होंने ध्ऊऊ प्रसारकों से मंचों का उपयोग दुष्प्रचार एवं विचारधारा आधारित पक्षपात के लिए नहीं करने को कहा अनुराग ठाकुर ने यह बात ओटीटी प्लेटफार्म के प्रतिनिधियों की एक बैठक के दौरान कही। केंद्रीय मंत्री ने ओटीटी प्रसारकों से अपने मंचों का उपयोग दुष्प्रचार एवं विचारधारा आधारित पक्षपात के लिए नहीं करने को कहा। अनुराग ठाकुर ने कहा



कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए गठजोड़ एवं सम्पर्कों को और मजबूत बनाने पर ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा कि ओटीटी प्लेटफार्म की यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है कि उनके मंच से रचनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर अश्लीलता नहीं परोसी जाए। बैठक के दौरान अनुराग ठाकुर ने ओटीटी के माध्यम से खुले तौर पर पश्चिमी प्रभाव और भारतीय धर्मों और परंपराओं के खराब चित्रण पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ओटीटी प्रतिनिधियों से इन चिंताओं को दूर करने के लिए एक पखवाड़े के भीतर समाधान प्रस्तावित करने को कहा। उन्होंने कहा कि ओटीटी प्लेटफॉर्म भारत की सामूहिक चेतना और इसकी विविधता के खिलाफ काम नहीं कर सकता है। कानूनों और विनियमों को बनाए रखने के महत्व पर दिया जोर मंत्री ने बैठक के दौरान ओटीटी प्लेटफार्मों के लिए कानूनों और विनियमों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने आईटी नियमों के नियम 9(2) का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि मौजूदा कानूनों के उल्लंघन में पाए जाने वाले किसी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म को संबंधित कानून के अनुसार परिणामी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने आगे आईटी अधिनियम की धारा 45 के बारे में बात की, जो अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों या विनियमों का उल्लंघन करने पर 25 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना या मुआवजा नहीं देती है।

# मेजा में घरेलू विवाद में भतीजे ने की चाचा की हत्या, मचा हड़कंप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** मेजा के लोटाढ़ गांव में घरेलू विवाद में एक युवक ने पीटकर अपने चाचा की हत्या कर दी। जिससे हड़कंप मच गया। वारदात को अंजाम देने के बाद भतीजा फरार हो गया। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर मेजा थाना क्षेत्र के लोटा गांव में घरेलू विवाद में भतीजे गुंडा पुत्र इंदराज ने अपने चाचा इतराज उर्फ अन्ना (38) पुत्र मुहर्रम अली को उसके भतीजे ने चारपाई के पाटी से वार कर लहूलुहान कर दिया। तत्काल परिजन अस्पताल लेकर भागे जहां रास्ते में अन्ना की मौत हो गई। जिससे हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची मेजा कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। सूत्रों की मानें तो उक्त चाचा और भतीजे में पहले से विवाद था। वहीं मंगलवार को बच्चों के विवाद में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और खुन्नस खाए भतीजे ने चारपाई की पाटी से चाचा के सिर पर वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल अस्पताल लेकर भागे जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई।




# छात्र की मौत का मामलाः इलाहाबाद विवि प्रशासन ने अमिताभ ठाकुर को गेट पर रोका, पुलिस से तीखी नोकझोंक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बुधवार को धरने पर बैठे छात्रों से मिलने पहुंचे, पर पुलिसकर्मियों ने उन्हें परिसर में जाने से रोक दिया। जिसके बाद पूर्व पुलिस अधिकारी गेट के आगे धरने पर बैठ गए। ईविवि में साथी छात्र की पानी पीने के बाद मौत, मामले में प्रशासन की लापरवाही और विरोध कर रहे छात्रों के दमन के विरोध में धरने पर बैठे छात्रों को समर्थन देने के लिए अमिताभ ठाकुर विश्वविद्यालय पहुंचे थे। अमिताभ ठाकुर गत दिन मृत छात्र आशुतोष द्विवेदी के पिता से मिले। उसके बाद वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय पहुंचे थे। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने कैंपस में जाने से रोक दिया। इसको लेकर अमिताभ ठाकुर की और पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस और विवि प्रशासन के रवैये से नाराज होकर पूर्व आईपीएस विश्वविद्यालय के गेट पर धरने पर बैठ गए। उनके समर्थन में बड़ी संख्या छात्रनेता अपने समर्थकों के साथ भी बैठ गए।



# ट्रेन लेट आई, खाना भी नहीं मिला,' इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज ने रेलवे से मांगा जवाब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार ने रेलवे के जीएम को एक पत्र लिखा है. इसमें जज को असुविधा होने पर दोषी अफसरों से जवाब मांगे जाने का आदेश दिया है. पत्र में बताया कि जस्टिस जिस ट्रेन से नई दिल्ली से प्रयागराज आए, वो ट्रेन 3 घंटे से ज्यादा लेट थी. जज के कोच में जीआरपी कर्मी नहीं मिला. पेंट्रीकार कर्मचारी भी रिफ्रेशमेंट देने के लिए उपस्थित नहीं हुए. इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज ने ट्रेन में 'असुविधा' होने पर भारतीय रेलवे के अफसरों पर नाराजगी जताई है और उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को एक पत्र भेजा है. इस पत्र में पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया गया है और दोषी अफसरों से स्पष्टीकरण मांगे जाने का आदेश दिया है. हाई कोर्ट ने पत्र में बताया कि जस्टिस गौतम चौधरी नई दिल्ली से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के लिए यात्रा कर रहे थे. मामला 8 जुलाई का है. इलाहाबाद हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार प्रोटोकॉल आशीष कुमार श्रीवास्तव ने 14 जुलाई को एक पत्र जारी किया है. इसमें कहा गया है कि पुरुषोत्तम एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12802) के एसी-1 कोच में नई दिल्ली से जस्टिस चौधरी अपनी पत्नी के साथ प्रयागराज आ रहे थे. ना ऊऊ ने सुना, ना पेंट्रीकार मैनेजर ने फोन उठाया' ट्रेन तीन घंटे से ज्यादा लेट आई. टीटीई (यात्रा टिकट परीक्षक) को बार-बार सूचित किया गया, उसके बावजूद जज की मदद करने और जरूरत के लिए कोच में कोई जीआरपी कर्मी नहीं मिला. इसके अलावा, बार-बार कॉल करने के बावजूद पैंट्री कार कर्मचारी ने ध्यान नहीं दिया और जस्टिस परिवार को ना खाने के लिए कुछ उपलब्ध कराया और ना उनकी देखभाल की गई. इस पर जस्टिस ने पेंट्रीकार मैनेजर राज त्रिपाठी को फोन किया, लेकिन उन्होंने भी कॉल रिसीव नहीं की. दोषियों से स्पष्टीकरण मांगे जाने के आदेश' पत्र में आगे कहा गया है कि इस घटना से जज को काफी असुविधा हुई. इस संबंध में जस्टिस चौधरी ने रेलवे के अधिकारियों, जीआरपी कर्मियों और पेंट्रीकार मैनेजर के आचरण और कर्तव्य के प्रति लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई है. उन्होंने रेलवे के जनरल मैनेजर को दोषी कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगे जाने के लिए निर्देशित किया है. जज ने रेलवे अधिकारियों से घटना के संबंध में कोर्ट को जवाब भेजने के लिए कहा है।


URGENT
The General Manager
North Central Railway
Prayagraj
Dt: July 14, 2023
Thanking You,
Your's faithfully,
(Ashish Kr. Srivastava)

# परमात्मा को प्राप्त करने का एक मात्र साधन प्रेम विवेक कृष्ण भारद्वाज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बारा ।** प्रयागराज बारा के रिगवां मोड़ स्थित शिवम गेस्ट हाउस में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर वृंदावन के कथावाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि भारतवर्ष के समस्त धर्मग्रंथ रामायण, शिवपुराण, महाभारत सहित वेदों में एक बात निर्विवाद रूप से प्रदर्शित होती है कि नारायण सिर्फ प्रेम के भूखे हैं। श्रावण मास में भोलेनाथ के महात्म्य पर बोलते हुए कहा कि सृष्टि के पालनकर्ता भोलेबाबा ही हैं। आज कलिकाल में उनकी कृपा सभी पर बनी हुई है। कथा में मुख्य रूप से योगेश शुक्ल, गया प्रसाद त्रिपाठी, मुकेश उपाध्याय प्रधान, राधेमोहन पाल, संतोष शुक्ला, सुमन्त भार्गव, राजकुमार केसरवानी, सत्यम मिश्रा, सुखलाल केसरवानी, सुरेश केसरवानी, कमलेश मिश्रा, गुलाब शुक्ल, बैजनाथ सोनी, सूबेदार कुशवाहा, अशोक यादव, नरेंद्र चौहान, पन्ना लाल जायसवाल, बृजेश जायसवाल, दशरथ केसरवानी, रोशनलाल शर्मा, रामबहादुर शुक्ल सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं। संचालन हरिकेश शर्मा ने किया।



# नीव मजबूत रहेगी तभी इमारत अच्छी बनेगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**म्योरपुर।**नीव मजबूत रहेगी तभी इमारत अच्छी बनेगी, ऐसे में बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापक नीव मजबूत करने में लगे, जिससे बच्चे अच्छे बन सके।उक्त बातें दुद्धी विधायक रामदुलार सिंह गोंड़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा डीबीटी के माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग में अध्ययनरत बच्चों को ड्रेस, जूता, मोजा एवं अन्य सामग्रियों के लिए पैसा भेजे जाने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बुधवार को बिड़ला विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज में कही।उन्होंने कहा कि अध्यापक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है।कहा कि अध्यापक द्वारा पढ़ाया गया बच्चा यदि किसी अच्छे पद पर पहुंच जाता है, तो अध्यापक का भी नाम रोशन होता है।ऐसे में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना हर अध्यापक का कर्तव्य है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में अध्ययनरत बच्चों को सरकार द्वारा तमाम तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं।ऐसे में वह सुविधाएं सीधा बच्चों तक पहुंचे इसके लिए सरकार हर स्तर से प्रयास कर रही है।उन्होंने अध्यापकों से गुणवत्तायुक्त अध्ययन पर जोर दिया।खंड शिक्षा अधिकारी विश्वजीत ने समय से विद्यालय पहुंचने और कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि अध्यापक हर हाल में विद्यालय पहुंचे।कार्यक्रम के दौरान विनोद पांडे, रजनीश श्रीवास्तव, राकेश सिंह, महेंद्र पाठक, जमींदार कुमार, महेंद्र सिंह, ब्रह्मदेव तिवारी, ज्ञानदास, बबई सिंह मरकाम, आरिफ समेत बड़ी संख्या में अध्यापक मौजूद रहे।

# एग्रीकल्चर टूरिज्म के तहत प्रदेश के हर जिले के एक गाँव को फार्मर टूरिस्ट बनाया जायेगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह जी ने आज कालाकांकर में आयोजित माँ गंगा आरती कार्यक्रम में सम्मिलित हुये एवं माँ गंगा की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने किया। उसके उपरान्त मंत्री जी कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू में आयोजित किसान गोष्ठी सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, जिला प्रभारी नागेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व किसान बन्धु उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री जयवीर सिंह,केन्द्र की अध्यक्षा राजकुमार रत्ना सिंह, केन्द्र के कार्यक्रम समन्वयक डा0 ए0के0 श्रीवास्तव आदि गणमान्य लोगों ने स्व0 राजा दिनेश सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू भूमि सुधार, कृषि उन्नयन, किसानों तथा महिलाओं की आय बढ़ाने में बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होने कहा कि एग्रीकल्चर टूरिज्म के तहत प्रदेश के हर जिले के एक गांव को फार्मर टूरिस्ट बनाया जायेगा और उसे डेवलपमेन्ट कर पर्यटन के रूप में जोड़ने का कार्य किया जायेगा। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भारत अपनी मूल संस्कृति, मूल सांस्कृतिक धरोहर, मूल विरासत को संजो करके अपने मूल संस्कृति से जुड़ते हुये देश का विकास आगे कर सके इसके लिये निरन्तर रूप से प्रयास किये जा रहे है और इसके लिये तमाम योजनायें संचालित की जा रही है। पर्यटन विकास के लिये जो भी योजनाओं आयेंगी उसमें कहीं भी प्रतापगढ़ पीछे नही छूटेगा। उन्होने जनपद मैनपुरी तथा प्रतापगढ़ को संयुक्त रूप से मिलकर प्रदेश के लिये नई योजनाओं का कार्यान्वयन कराने की बात कही। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश को सांस्कृतिक रूप से अपनी धरोहर को संरक्षित व सुरक्षित करने के लिये, अपनी विरासत को सवंर्धित करने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार सतत् रूप से संकल्पबद्ध है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश अकेला ऐसा राज्य है जहां पर पिछले नवरात्रि के दिनों में सरकार की तरफ से मन्दिरों में नवरात्रि का भजन कीर्तन करने का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश पहला ऐसा राज्य है जहां पर रामनवमी के दिन सरकारी स्तर पर 24 घंटे मन्दिरों पर अखण्ड रामायण कराने का कार्य किया गया।केन्द्र की अध्यक्षा राजकुमारी रत्ना सिंह जी ने वैज्ञानिकों, अधिकारियों तथा किसानों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया और कहा कि जनपद प्रतापगढ़ उद्योग के मामले में पिछड़ा है, किसान केवल कृषि की नयी एवं आधुनिक तकनीकियों को अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकते है इसके लिये कृषि विज्ञान केन्द्र सदैव उनके साथ कार्य करता रहेगा। महिलाओं को आपस में समूह बनाकर छोटे उद्योग स्थापित करने के लिये प्ररित किया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डा0 ए0के0 श्रीवास्तव ने कृषि विज्ञान केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त सभी पूर्व प्रशिक्षार्थी एवं किसानों का स्वागत करते हुये कृषि विज्ञान केन्द्र की तकनीकियों व कार्यो को बताया, साथ ही कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रशिखण प्राप्त किसानो को अपनी कृषि से सम्बन्धित जानकारी को नवीनतम तकनीकियों को अपडेट करने के लिये है तथा जो जानकारी यहां से दी जाती है उसको अधिकतम किसानों तक पहुँचाने का आवाहन किया। तकनीकी सत्र में पूर्व प्रशिक्षार्थियों ने अपने अनुभव को मंच से साझा किया तथा वैज्ञानिकों से अपने समस्याओं का समाधान पूछा। कार्यक्रम का संचालन भाष्कर शुक्ला ने किया तथा डा0 नवीन कुमार सिंह ने आये हुये अतिथियों व किसानों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र कृषि विज्ञान केन्द्र के अवधेश कुमार सिंह,स्वाती,दीपक दूबे,महेन्द्र प्रताप सिंह,प्रदीप कुमार सिंह, डा0 रणजीत सिंह,यतेन्द्र कुमार, विनोद चौरसिया, रामचन्द्र, जुगुल किशोर, जी0आर0 पटेल, रविशंकर,अरूण शुक्ला तथा राजभवन के प्रबन्धक डा0 घनश्याम यादव,डा0 विनय सिंह, मनीष सिंह,अनूप सिंह, एस0पी0 सोनकर,महेन्द्र सिंह फौजी,पवन गौतम,संतोष शुक्ला, डिम्पू जायसवाल,गुड्डू पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।



# बीएचयू में फिजियोथेरेपी के छात्रों ने किया धरना-प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**म्योरपुर।** आईएमएस निदेशक से हुई नोकझोंक आईएमएस बीएचयू में फिजियोथेरेपी के 2019-2023 के छात्रों ने बुधवार को समस्याओं का समाधान न होने पर निदेशक प्रो. एसके सिंह का घेराव किया। इस दौरान निदेशक और छात्रों के बीच नोकझोंक भी हुई। आईएमएस बीएचयू में फिजियोथेरेपी के 2019-2023 के छात्रों ने बुधवार को समस्याओं का समाधान न होने पर निदेशक प्रो. एसके सिंह का घेराव किया। इस दौरान निदेशक और छात्रों के बीच नोकझोंक भी हुई। छात्रों ने जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की। आरोप लगाया कि कई बार आवाज उठाने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है, जिसके बाद धरने पर बैठना पड़ा। देर शाम आईएमएस के संयुक्त कुलसचिव डॉ. नीरज त्रिपाठी ने नियमानुसार सही फोरम तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया, लेकिन छात्र नहीं माने। फिजियोथेरेपी के छात्र शाम को निदेशक से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे। मुलाकात नहीं हो पाई तो चैनल गेट को घेर कर बैठे गए। जैसे ही निदेशक निकले उन्हें घेर लिया। छात्रों ने बताया कि फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी को काउंसिल द्वारा मान्यता दिलाने, इंटर्नशिप, पोस्टिंग के साथ ही मानदेय संबंधी समस्या को दूर करने, कोर्स संचालन, अन्य जानकारियां सही समय पर दिए जाने की मांग की जा रही है। छात्रों ने ज्ञापन की कॉपी आईएमएस निदेशक के साथ ही कुलपति, संकाय प्रमुख, छात्र अधिष्ठाता, चीफ प्रॉक्टर, कोर्स कोआर्डिनेटर को देकर जल्द कार्रवाई की मांग की है। छात्रों ने बताया कि पूर्व में धरना देने के बाद निदेशक के स्तर से लिखित आश्वासन दिया गया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। शाम पांच बजे के बाद आईएमएस डायरेक्टर नहीं हूं फिजियोथेरेपी के छात्रों ने शाम को निदेशक के कार्यालय से बाहर आने पर उनसे बातचीत की। छात्र तुरंत कार्रवाई की मांग कर रहे थे, वहीं निदेशक उन्हें मोबाइल में उपस्थिति का रिकॉर्ड दिखा रहे थे और क्लास की जानकारी दे रहे थे। निदेशक भी मोबाइल से छात्रों की रिकार्डिंग कर रहे थे। छात्रों के गेट पर खड़े होने की वजह से उन्हें अपनी गाड़ी तक जाने में मशक्कत करनी पड़ी। छात्रों ने भी रिकार्डिंग की। निदेशक ने छात्रों से यहां तक कह डाला कि शाम पांच बजे के बाद मैं डायरेक्टर नहीं हूं। कोर्स कोआर्डिनेटर के पास जाइए। इसके बाद निदेशक गाड़ी में बैठकर चले गए।





# समर कैम्प के बच्चों कों जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर ।** स्ववितपोषित पाल्क संस्था द्वारा लालडिग्गी स्थित अपनी शाखा पर आर्थिक रूप से पैलेस में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम की मुख्यअतिथि मीरजापुर की जिलाधिकारी दिव्या मित्तल रही दिया, कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि कों प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्रम देकर संस्था की ओर से सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में संरक्षक



कमजोर बच्चों कों निःशुल्क समर कैम्प का आयोजन किया था, जिसमे संस्था के अनुभवी व कुशल प्रशिक्षकों द्वारा 105 बच्चों कों योग, ताइक्वाडो, आर्ट, अबेकस, गायन, नृत्य व पर्सनैलिटी डेवलेपमेंट आदि का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया था, जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं कों सम्मानित करने के लिये लालडिग्गी स्तिथ श्रीजी जिन्होंने सभी बच्चों व अध्यापकों कों प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देते हुए सम्मानित किया साथ ही संस्था द्वारा समाज कों दिखाए जा रहे ब्लड डोनेशन व सामाजिक जागरूकता के लिये दिखाए जा रहे नाटक के लिये संस्था की अध्यक्ष कों भी सम्मानित किया गया त् कार्यक्रम में संस्था के बच्चों के साथ नृत्य कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा यशबीर राय, अपराजिता सिंह, निर्मला राय के साथ दीपा उमर, अरविन्द केशरवानी, नितेश केशरवानी, टिंकू सोनकर, तुषार विश्वकर्मा, बंटी जायसवाल, पवन शर्मा, मंशा कुमारी, आरती यादव, निर्जला कसेरा रही विशेष सहयोग अंजनी गुप्ता, शीतला गुप्ता जी का रहा, इस बात की जानकारी कार्यक्रम की अध्यक्ष अर्चना खंडेलवाल ने दिया ।

# स्वयंसेवकों की संख्या और बढ़ाने की जरूरत शक्ति से सज्जन लोगों की सुरक्षा होगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी ।**दौरे पर पहुंचे आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बुधवार शाम विश्व संवाद केंद्र में संघ के पदाधिकारियों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज की अपेक्षाएं बढ़ रही हैं। अब जरूरत स्वयंसेवकों की संख्या बढ़ाने की है। संघ का कार्य लोक संग्रह है। इस शक्ति से सज्जन लोगों की सुरक्षा होगी। समाज की अपेक्षाएं बढ़ रही हैं। अब जरूरत स्वयंसेवकों की संख्या बढ़ाने की है। इस दिशा में तेजी से काम करना है। यह कहना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत का। वह बुधवार की देर शाम वाराणसी स्थित विश्व संवाद केंद्र में संघ के पदाधिकारियों से बात कर रहे थे।आरएसएस प्रमुख बुधवार सुबह जल्दी उठे और पूजा-पाठ करके गाजीपुर रवाना हो गए। गाजीपुर स्थित सिद्धपीठ हथियाराम मठ में देर शाम तक रहे, फिर लौटकर काशी आए। उन्होंने विश्व संवाद केंद्र में संघ के पदाधिकारियों से बात की और विभिन्न आयामों पर चर्चा की है। सरसंघचालक गुरुवार सुबह मिर्जापुर स्थित सक्तेशगढ़ में



अड़गड़ानंद महाराज और अमरावती में हंसबाबा आश्रम जाएंगे। संतों के सानिध्य में रहेंगे। देश व सामाजिक बदलाव पर बात करेंगे। शुक्रवार को काशी के धंधेश्वर महादेव शाखा में शामिल होंगे। दुनिया के 25 देशों के मंदिरों के प्रमुखों के महासम्मेलन का उद्घाटन करेंगे आरएसएस प्रमुख आरएसए प्रमुख शनिवार को दुनिया भर के मंदिर प्रमुखों के महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस महासम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। टेंपल कॉन्क्लेव और प्रदर्शनी में दुनिया के 25 देशों के हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन धर्म से जुड़ी संस्थाएं व 450 से अधिक विख्यात मंदिरों के प्रमुख हिस्सा लेंगे। इंटरनेशनल टेंपल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो (आईटीसीएक्स) का आयोजन विश्व में पहली बार किया जा रहा है। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सीटों की बुकिंग भी पूरी हो चुकी है। इसमें मंदिरों के प्रशासन, प्रबंधन और संचालन के विकास व सशक्तीकरण पर विचार विमर्श होगा। टेंपल कनेक्ट के संस्थापक गिरेश कुलकर्णी, आईटीसीएक्स के चेयरमैन प्रसाद लाड और को क्यूरेटर मेघा घोष ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन में मंदिर से जुड़े कार्यपालकों के साथ चर्चा के बाद अहम निर्णय लिए जाएंगे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल खड़िया में आज तीन दिन का स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शक्तिनगर / सोनभद्र ।** डीएवी पब्लिक स्कूल खड़िया में आज तीन दिन का स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। जिसमें आज तीसरे दिन के दौरान स्काउट गाइड प्रशिक्षणार्थियों ने स्काउट गाइड प्रवेश कोर्स से लेकर राष्ट्रपति पुरस्कार तक पहुंचने की जानकारी प्राप्त की तथा आयु वर्ग के आधार पर स्काउटिंग की विशेषताएं एवं जिम्मेदारियों से भी अवगत हुए। साथ ही साथ ध्वज बांधने, उसको ऊपर चढ़ाने, फहराने तथा उतारने का नियम भी छात्रों ने जाना । तदुपरांत शिविर संचालक शुभम कुमार सोनी (जिला युवा समिति स्काउट गाइड जिला आईटी कोऑर्डिनेटर सोनभद्र) तथा प्रशिक्षक शैलेंद्र कुमार मिश्रा (हिमालय उड बैज, स्काउट ट्रेनिंग काउंसलर) , म्योरपुर ,सोनभद्र ने स्काउट गाइड प्रतिज्ञा के नियमों को अवगत कराया। तदुपरांत वरिष्ठ शिक्षक पी ई टी आर डी प्रसाद ने प्रशिक्षक श्री शुभम सोनी एवं शैलेंद्र कुमार मिश्रा के साथ सामूहिक दीप प्रज्वलित कर दीक्षांत समारोह की प्रतिज्ञा का कार्यक्रम पूरा कराया। दीक्षांत समारोह के बाद ध्वज अवतरित कर, राष्ट्रगान संपन्न हुआ। स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर संपन्न एवं सराहनीय रहा।

# हर घर नल योजना के कार्यों से ग्रामीणों में आक्रोश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला/सोनभद्र।** नमामि गंगे द्वारा हर घर नल योजना के तहत ग्रामीण सड़कों को खोद कर अपना काम निकलना आधार बनाता जा रहा है। ग्रामीण सड़कों को खोद कर मानक को ठोकर मारना जनपद में अंधा खेल होता जा रहा खोदा गया था। ग्रामीणों ने बताया कि जैसा सड़क बना है तोड़के के बाद वैसा ही बनाना है। इस बात पर ठेकेदार द्वारा हामिनभरते हुए खुदाई चालू कर दी गयी। पाइप का काम करने के बाद गिट्टी का चूरा डालते हुए आधा अधूरा छोड़ दिया




है।ग्राम पंचायत कोटा के टोला कोटा खास में शिव मंदिर से लगभग 500 मीटर , पहले से बना सीसी सड़क को हर घर नल योजना के तहत पाईप लाइन लगाने के लिए । सड़क को गया। देखा जाय तो जहां एक ओर सरकार गांव के विकास में ध्यान लगाई है। वही हर घर नल योजना के ठेकेदार तोड़ कर छोड़ दे रहे है। ग्रामीण में आक्रोश है कि इसे जल्द सुधार कार्य जाय।

# सर्व सेवा संघ का भवन बचाने के लिए 60वें दिन भी धरना-प्रदर्शन जारी, दिल्ली से पहुंचे कई गांधीवादी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी ।** के राजघाट स्थित सर्व सेवा संघ के भवनों के ध्वस्तीकरण को लेकर प्रशासन और संघ के



बीच खींचतान जारी है। 60वें दिन बुधवार को भी संघ से जुड़े लोगों ने धरना-प्रदर्शन के जरिये अपनी आवाज बुलंद की। वाराणसी के राजघाट स्थित सर्व सेवा संघ के भवनों के ध्वस्तीकरण को लेकर प्रशासन और संघ के बीच खींचतान जारी है। 60वें दिन बुधवार को भी संघ से जुड़े लोगों ने धरना-प्रदर्शन के जरिये अपनी आवाज बुलंद की। वाराणसी के राजघाट स्थित सर्व सेवा संघ के भवनों के ध्वस्तीकरण को लेकर प्रशासन और संघ के बीच खींचतान जारी है। 60वें दिन बुधवार को भी संघ से जुड़े लोगों ने धरना-प्रदर्शन के जरिये अपनी आवाज बुलंद की। उधर, ध्वस्तीकरण की जानकारी पाकर दिल्ली से बड़ी संख्या में गांधीवादी पहुंच गए। सत्याग्रहियों ने आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत के काशी प्रवास पर होने के कारण उनसे सामूहिक अपील की। उन्होंने कहा कि भूदान आंदोलन के प्रणेता संत विनोबा भावे ने वाराणसी के राजघाट में साधना केंद्र की स्थापना की थी, जिसका उद्देश्य था समाज कार्य व राष्ट्र निर्माण के लिए युवक व युवतियों को तैयार करना। सरसंचालक से अपील की गई कि इस तरह की गतिविधियां तत्काल रुकवाएं। अन्यथा देश की एक बड़ी महत्वपूर्ण विरासत ध्वस्त हो जाएगी।


# नगर के समस्त वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगवाने हेतु समस्त सभासदों ने नगर पंचायत कार्यालय पर सामूहिक रूप से सौंपा ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला(सोनभद्र)।** बुद्धवार को नगर पंचायत डाला बाज़ार क्षेत्र अंतर्गत समस्त वार्डों में लगे बिजली के खंभों पर स्ट्रीट लाइट लगवाने हेतु हम समस्त सभी वार्डों के सभासदगणों द्वारा यह भी कहा गया कि यदि जल्द नगर के समस्त वार्डों में स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई तो हम सभी



समस्त वार्डों के सभासदों द्वारा सामूहिक रूप से दसों वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगवाने हेतु नगर पंचायत कार्यालय पर अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी को नामित ज्ञापन सौंपा गया। दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि डाला नगर पंचायत में 10 वार्ड हैं और 10 वार्डों में गली-चौराहा पर जो भी विद्युत खंभे लगे हैं, उन ने लिखित एवं मौखिक रूप में कई बार अनुरोध किया परंतु अभी तक खंभों पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगी। जिसके कारण बरसात में आम जनमानस को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है और प्रतिदिन हम सभी सभासदों को जनता द्वारा बातें सुननी पड़ रही हैं। ज्ञापन के अंत में सभासदगणों सभासदगण नगर पंचायत डाला बाज़ार कार्यालय पर धरना देने को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपते वक्त समस्त सभासदगण विशाल कुमार, संतोष कुमार कुशवाहा, बलवीर कुमार, अवनीश देव पांडे, बिंदु सिंह, दीक्षा पटेल, नितेश, ज्ञान देवी व सभासद प्रतिनिधि आमिल बेग, अंशु पटेल आदि मौजूद रहे।

सीधे प्रवेश
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
15% Fee Concession
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
पहले आओ पहले पाओ
15% Fee Concession



- कम्प्यूटर हार्डवेयर
- डाटा इंट्री ऑपरेटर
- फायर सेफ्टी
- कम्प्यूटर ऑपरेटर (कोपा)
- कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग
- इलेक्ट्रीशिन
- सीएनसी प्रोग्रामिंग
- इलेक्ट्रिक मैकेनिक
- बेसिक कम्प्यूटिंग
- सीसीए
- वेल्डर
- फिटर
- रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- सिक्योरिटी सर्विस

Apply Online: www.nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं.:
8081180306,9415608710,8103021873

एमटेक कैम्पस, 'बी' ब्लाक, ए.डी.ए. कालोनी (पुलिस चौकी के पीछे), नैनी, प्रयागराज।
C-41 औद्योगिक थाने के पीछे औद्योगिक क्षेत्र UPSIDC नैनी, प्रयागराज।

# गंगा के जलस्तर में इजाफे के बाद दशाश्वमेध घाट पर बदला आरती स्थल, कई घाटों का आपसी संपर्क टूटा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में गंगा सेवा निधि द्वारा की जाने वाली प्रतिदिन गंगा आरती का स्थान बुधवार को बदल दिया गया। स्थान परिवर्तन के बावजूद हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां गंगा दैनिक संध्या आरती में शामिल हुए।



वाराणसी में कुछ दिनों से गंगा नदी का जलस्तर बढ़ते-बढ़ते अब घाट के ऊपर एक-एक सीढियां नदी की धारा ने चढ़ना शुरू कर दिया था। हालात को देखते हुए पहले पंडों और तीर्थ पुरोहितों ने अपने चौकियों को घाट के ऊपर किया। अब बुधवार को दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती स्थल में भी बदलाव करना पड़ा। घाटों का आपसी संपर्क भी टूट गया है। बुधवार शाम से गंगा सेवा निधि की ओर से गंगा आरती स्थल तय स्थान से करीब 10 फीट पीछे हो गया है। इस सीजन में पहली बार गंगा आरती स्थल बदला गया है। माना जा रहा है कि गंगा का जलस्तर और बढ़ा तो प्लेटफॉर्म के पीछे सीढ़ियों पर गंगा आरती की व्यवस्था करनी पड़ेगी। इसके साथ ही आरती में बैठने की जगह भी कम होती जाएगी। गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मां गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। ऐसे में गंगा आरती का स्थान पहली बार बदला गया है। बताया कि अब जैसे-जैसे गंगा का जलस्तर बढ़ेगा वैसे-वैसे स्थान बदलता जाएगा। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बरसात और गंगा बैराज से छोड़े गए पानी के कारण जलस्तर में बढ़ाव हो रहा है। जलस्तर में एक सेंटीमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ाव जारी है। 36 घंटे में गंगा के जलस्तर में सवा फीट से ज्यादा की बढ़ोत्तरी हुई है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार गंगा में अभी पानी और बढ़ने की आशंका है। तीर्थ पुरोहितों ने अपनी चौकियां सहेजनी शुरू कर दी हैं। नाविक भी अपनी नावों को संभालने में लगे हैं। नौकाओं को तट से बांधी गई रस्सियों में जलकुंभियों का ढेर एकत्र हो गया है। मणिकर्णिका घाट पर परेशानी, बाढ़ का खतरा गहराया गंगा का पानी मणिकर्णिका घाट के शवदाह स्थल तक पहुंच गया है। इससे शवों के अंतिम संस्कार में दिक्कत आ रही है। जलस्तर बढ़ने का सिलसिला ऐसे ही चलता रहा तो शवदाह के लिए काफी कम जगह बचेगी। पहाड़ों पर बारिश व गंगा बैराज से छोड़े गए पानी की वजह से गंगा किनारे क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा गहरा गया है। गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल खड़िया में 17 जुलाई को स्काउट गाइड टीम का गठन किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**शक्तिनगर/सोनभद्र।** डीएवी पब्लिक स्कूल खड़िया में 17 जुलाई को स्काउट गाइड टीम का गठन किया




गया। उद्घाटन समारोह के दौरान प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडेय जी ने अपने संबोधन में बताया कि स्काउट गाइड एक समाज सेवी संस्था है जो निस्वार्थ भाव से समाज सेवा एवं देश सेवा के लिए समर्पित रहती है। इसका उद्देश्य स्वयं को तैयार रखते हुए आवश्यकता पड़ने पर देश हित के काम में निस्वार्थ भाव से सहयोग देना है । बाढ़ भूकंप जैसी अन्य आकस्मिक आपदाओं में स्काउट गाइड बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभाते हैं। तदुपरांत शिविर संचालक शुभम कुमार सोनी (अध्यक्ष जिला युवा समिति स्काउट गाइड एवं जिला आईटी कोऑर्डिनेटर) सोनभद्र तथा प्रशिक्षक शैलेंद्र कुमार मिश्रा( हिमालय उड बैज, स्काउट गाइड ट्रेनिंग काउंसलर, म्योरपुर, सोनभद्र ने प्रशिक्षण के दौरान सर्व प्रथम स्काउट गाइड का इतिहास ,शिविर के नियम , स्काउट गाइड प्रतिज्ञा तथा स्काउट गाइड के नियमों से अवगत कराया। आज दिनांक 18 जुलाई को दूसरे दिन सर्वप्रथम स्काउट गाइड ध्वजारोहण कर स्काउट गाइड झंडा गीत तथा प्रार्थना गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तदुपरांत स्काउट गाइड की टोली का गठन कर उन्हें टोली विधि से काम करना, स्काउट गाइड अभिवादन , बायां हाथ मिलाना एवं उसके लाभ से अवगत कराया। आपदा प्रबंधन के दौरान स्काउट गाइड के कर्तव्य की भी जानकारी दी गई । कक्षा 11वीं के छात्र अंकुश सिंह तथा 11वीं की छात्रा श्रद्धा त्रिपाठी को दल नायक एवं दल नायिका के रूप में चयनित किया गया। स्काउट से 70 तथा गाइड से 60 प्रशिक्षणार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम प्रभारी के रूप में पी ई टी शिक्षिका अल्पना शर्मा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## दो पक्षों में मारपीट के मामले में हुआ मुकदमा दर्ज

(आधुनिक समाचार सेवा)
**शक्तिनगर/सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र छूहिया टोला बाड़ी डाला में बीते दिनों की रात दो पक्षों के बीच मामूली विवाद में एक पक्ष के एक युवक को दूसरे पक्ष ने बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया मंगलवार को प्राप्त जानकारी के मुताबिक डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के बिल्ली मारकुंडी छूहिया टोला में बीते शनिवार की रात मामूली विवाद में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट के दौरान बजरंगी उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र मजनू कोल निवासी छूहिया टोला गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके उपरांत सूचना पाकर मौके पर पहुंची पीआरवी चोपन ने आनन-फानन में 108 एंबुलेंस से घायल को चोपन अस्पताल भेजवाया गया वहीं घायल बजरंगी का कहना है कि पड़ोस के रहने वाले मुन्ना के घर लोगों ने पहले पीछे से सर पर वार किया और एक दर्जन से अधिक लोगों ने मिलकर हमे मारकर घायल कर दिया है इस संबंध में चोपन थानाध्यक्ष विश्वनाथन प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार की रात में दोनों पक्षों के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है वहीं एक युवक को सर में चोट आई थी और दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति के पैर में चोट लगा था।

## खंता पिकनिक स्पॉट पर नहाने के दौरान डूबे युवक का शव हुआ बरामद, पुलिस ने पीएम हेतु भेजा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**दुद्धी।** म्योरपुर थाना क्षेत्र स्थित खंता पिकनिक स्पॉट पर नहाने के दौरान गहरे पानी में सोमवार की देर शाम डूबे आदिवासी युवक का शव 16 घंटे बाद गोताखोरों ने कड़ी मसक्कत के बाद मंगलवार की सुबह ढूंढ निकाला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय मृतक राहुल उर्फ मुन्ना खरवार निवासी गाजीपुर जो की रेनुकूट स्थित हिंडाल्को कंपनी में कार्य करता था और भाड़े के मकान में रहता था ।युवक सोमवार की शाम अपने दोस्तों के साथ खंता पिकनिक स्पॉट पर आया हुआ था



## सहायक आयुक्त औषधि के निर्देश पर मीरजापुर हॉस्पिटल रोड की दवा दुकानों की जांच की गयी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मीरजापुर।** शहर में आज 18 जुलाई



को सहायक आयुक्त औषधि संदीप गुप्ता के नेतृत्व में कुमार सौमित्र (औषधि निरीक्षक मिर्जापुर)के द्वारा नकली, अधोमानक, नारकोटिक दवाओं की विक्री / भंडारण पर रोकथाम के लिए औचक निरक्षण किया गया जिसमे मंडलीय चिकित्सालय के आस पास के मेडिकल स्टोर जिसमे तिवारी मेडिकल स्टोर, जगदम्बा मेडिकल स्टोर, लवली मेडिकल स्टोर, दुबे मेडिकल स्टोर का संयुक्त निरीक्षण किया , जांच की जिसमे संदिग्ध प्रतीत हो रही चार औषधियों का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर औषधि अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी ,उन्होंने दवा दुकानदारों को निर्देशित किया की शासन द्वारा जो संख्या निर्धारित की गई है उतनी मात्रा में नारकोटिक दवाओं का भंडारण करे और डॉक्टर के पर्चे के माध्यम से ही नारकोटिक दवाओं को बेचे ।अगर कोई दवा दुकानदार बिना डॉक्टर के पर्चे के नारकोटिक दवा की विक्री करते हुए पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी , औषधि निरीक्षक ने थोक दवा दुकानदारों को निर्देशित किया कि केवल लाइसेंस धारक दवा दुकानदारो को।

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मीरजापुर ।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की



अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रम में के बारे में मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि 09 प्रशिक्षण कार्यक्रमो के लक्ष्य के सापेक्ष 11 प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा 270 प्रशिक्षणार्थियो को सापेक्ष 331 पूर्ण कर लिया गया हैं। इनमें से वन जी0पी0 वन बी0सी0 (बी0सी0 सखी), कास्ट्यूम ज्वेलरी उद्यमी एवं ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम हैं। जो राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक हैं। श्यामा प्रसाद मुर्खजी रूबर्न कलस्टर अन्तर्गत, जूट उत्पाद उद्यमी, मोमबत्ती बनाना, महिला सिलाई, साफ्ट ट्वायज बनाना एवं बेचना आदि प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करा लिया गया हैं। इण्डसेटी द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थियो को 411 लोन फार्म विभिन्न शाखाओं में भेजा जा चुका हैं। आरसेटी भवन निर्माण के चहारदीवारी के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि भवन निर्माण कार्य पूर्ण हो गया हैं। नवनिर्मित भवन में ही प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा हैं। आरसेटी द्वारा बी0पी0एल0 के अन्तर्गत लाभार्थियो/प्रशिक्षणार्थियो के प्रशिक्षण पर हुये व्यय के सम्बन्ध में अवगत कराया कि आरसेटी द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 से वित्तीय वर्ष 2022-23 तक कुल रू0 9307896 प्रतिपूर्ति दावा प्राप्ति हेतु एन0आर0एल0 को प्रेषित किया गया। जिसके सापेक्ष रू0 2369104 एन0आर0एल0एम0 द्वारा प्राप्त हुआ, शेष धनराशि रू0 6938792 अभी तक प्राप्त नही हुआ हैं। बैठक में उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 अनय मिश्रा, प्रबन्धक नाबार्ड, प्रबन्धक लीड बैंक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा प्रतिभा श्रीवास्तव, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## गुलालझरिया गांव में अज्ञात कारणों से युवती ने लगाई फांसी, हुई मौत परिजनों का रोरोकर बुरा हाल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**दुद्धी।** कोतवाली क्षेत्र के गुलालझरिया गांव में मंगलवार की



सुबह तकरीबन साढ़े 9 बजे एक आदिवासी युवती ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है जिससे परिजनों में कोहराम मच गया । सूचना पर मौके पर पहुँची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम प्रधान त्रिभुवन यादव ने बताया कि गुलालझरिया के कुड़ियादामर टोला निवासी एक 21 वर्षीय युवती मंजू गोंड पुत्री राम विचार गोंड आज सुबह घर में सब्जी बना रही थी उधर माँ खेत में कोड़ाई कर रही थी, कि इसी दरमियान परिजनों ने जब युवती को आवाज दिया तो कोई जबाब ना पाकर रसोई में जाकर देखा तो पास के कमरे में बरेड से दुप्पटे के सहारे युवती का शव लटक रहा था जैसे ही घर के सदस्यों को इसकी जानकारी हुई तो सभी दहाड़े मार कर रोने लगे ,युवती ने फांसी किन परिस्थितियों में लगाई है इसका पता नहीं चल पाया है ,पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है ।युवती के पिता खेती किसानी करते हैं।युवती अविवाहित थी।

# भाजपा सरकार के कार्यों से जनता खुश्सुरेन्द्र अग्रहरि

(आधुनिक समाचार सेवा)
**(दुद्धी) सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा केन्द्र में स्थापित व विश्व के लोकप्रिय नेता ,यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में चल रही सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर दुद्धी के यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल केन्द्र में प्रशिक्षुओं को जानकारी दी गई कि गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत और प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक सम्पदा व संसाधन संपन्न होने के बावजूद उत्तर प्रदेश लंबे समय तक अदूरदर्शी नेतृत्व के कारण अव्यवस्था एवम अराजकता का शिकार रहा।शासन प्रशासन में माफिया,अराजक और भ्रष्ट तत्वों का बोलबाला होने के कारण किसान, युवा, बेरोजगार, व्यापारी,उद्यमी ,महिलाए सहित समाज का हर वर्ग परेशान था।प्रदेश की आर्थिक स्थिति जर्जर थी और प्रशासनिक अराजकता चरम पर थी। वर्ष 2017 के विधानसभा के चुनावो में अभूतपूर्व सफलता के फलस्वरूप देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रदेश की सेवा के लिए योगी आदित्यनाथ जी पर भरोसा कर उनके नेतृत्व में यूपी की बागडोर सौंपा जिस पर खरे उतरते हुए योगी जी ने अपनी अप्रतिम प्रशासनिक कौशल एवम दूरदर्शिता से प्रदेश में केवल कानून का राज व अमन चैन तो कायम किया ही ,साथ ही प्रदेश की जर्जर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाकर सर्वसमावेशी विकास के मार्ग को भी प्रशस्त किया। साथ में पुनः 2022 में भी योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में पुनः यूपी की बागडोर सौंपकर खरा उतारने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त बाते भाजपा नेता डीसीएफ चेयरमैन सुरेन्द्र अग्रहरि ने मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर प्रशिक्षुओं को जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि देश दुनिया के निवेशकों को यह उत्तर प्रदेश अपने बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर ,पारदर्शी नीतियों एवम अपार सहूलियतों की वजह से आकर्षित कर रहा है। औद्यौगिक घराने यहां अपने निवेश को सुरक्षित एवम उर्ध्वगामी मानकर उत्साह पूर्वक निवेश कर रहे हैं जिसका ज्वलंत प्रमाण फरवरी में आयोजित हुए यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अपार सफलता है। इस समिट में देश दुनिया के 25000 निवेशकों ने प्रतिभाग किया।10 देशों ने कन्ट्री पार्टनर के रूप में तथा 40 देशों के 1000 से अधिक प्रतिनिधियों ने समिट में सहभागिता की,। निवेशकों के निवेश करने से यूपी में रोजगार के अवसर प्राप्त होने की संभावना बढ़ रही है । युवा बेरोजगारों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने की काम सरकार कर रही है।साथ ही किसान ,महिलाए, छात्राएं, व्यापारी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता डीसीएफ डायरेक्टर संजय कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रशिक्षु आलोक कुमार, काजल कुमारी, मांनमती,प्रियंका सिंह, पुष्पा, सीमा, सुनीता सिंह,विनोद कुमार,सौरभ सिंह, संजू कुमारी, प्रिया भारती,रामराज, रूबी कुमारी, सतेन्द्र कुमार, नीलम कुमारी सहित लगभग 50 प्रशिक्षु उपस्थित रहे।



## नगर विधायक द्वारा वितरित किया गया नियुक्ति पत्र

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मीरजापुर ।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ के द्वारा लोक भवन सभागार लखनऊ में नवनियुक्ति 1573 ए0एन0एम0 स्वास्थ्य कार्यकत्रियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तत्क्रम में जनपद मीरजापुर में 02 नवनियुक्ति ए0एन0एम0 स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, अध्यक्ष नगर पालिका श्याम सुन्दर



केसरी, की गरिमामयी उपस्थिति में एन0आई0सी0 में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा जन प्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनन्द किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सी0एल0 वर्मा ने जन प्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। विधायक नगर ने सभी को शुभकामनाएं दी व आगे अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## झारोखुर्द गांव में विषैले जंतु के काटने से एक युवक हुआ अचेत, सीएचसी में इलाज जारी



(आधुनिक समाचार सेवा)
**दुद्धी।** कोतवाली क्षेत्र के झारोखुर्द गांव में विषैले जंतु के काटने से एक युवक अचेत हो गया है। जानकारी के अनुसार झारोखुर्द गांव निवासी 18 वर्षीय अजय कुमार पुत्र मंगरु आज अपने खेत मे हल व बैल की सहायता से जुताई कर रहा था कि किसी विषैले जंतु ने काट लिया जिससे ऊक्त युवक अचेत हो गया। अचेतावस्था में आनन फानन में इलाज हेतु परिजनों ने एम्बुलेंस की सहायता से दुद्धी सीएचसी में लाया गया जहाँ इलाज चल रहा है।

## गैंगेस्टर मनी यादव को लेकर बड़ी खबर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मीरजापुर।** खोजती रही मिर्ज़ापुर पुलिस मनी ने कोर्ट में कर दिया सरेंडर। सीजीएम कोर्ट में मनी यादव ने किया सरेंडर। मनी यादव आगे कमजोर हुई मिर्ज़ापुर पुलिस। कई थानों की फोर्स एसओजी सीओ एडिशनल एसपी की टीम करती रह गयी मनी की तलाश। हत्या मामले में गवाह को गोली मारने का मनी यादव पर है आरोप। गैंगेस्टर मनी यादव उसके साथियों पर गवाह को गोली मारने का आरोप । हत्या आरोपी मनी यादव को ढूढती रही पुलिस गवाह को मार दी थी गोली हत्यारोपी मनी यादव हूटर बजाते हुए सैकड़ो गाड़ियों के काफिला निकाल फैला चुका है दहसत।

## बाइक एवं स्कूटी में टकरा होने से एक महिला हुई घायल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**शक्तिनगर।** शक्तिनगर वाराणसी जाने वाले मार्ग में तीनताली वह सोनभद्र हुई बुरी तरह से घायल नजदीकी हॉस्पिटल जनसेवा मसीह हॉस्पिटल में इलाज कराया गया



हिनौता के बीच नाले के समीप बाइक स्कूटी में जोरदार टक्कर होने से स्कूटी पर सवार महिला का नाम- रिंकी यादव पिता- बैजनाथ यादव ग्राम -नेवारी पोस्ट ,घोरावल जिला इलाज कराते दौरान बाइक एक्सीडेंट करने वाला युवक का नाम राजकुमार पुत्र स्व, राधेश्याम, ग्राम घुआस,पिपरी रावटसगंज सोनभद्र करने वाला युवक है।

## पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा सुन्दर मुन्दर जायसवाल नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मीरजापुर ।** कार्यक्रम 'पुलिस की पाठशाला' में छात्राओं को पुलिस की विभिन्न सेवाओं से अवगत कराते हुए संवाद व आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देते हुए किया गया पुरस्कृत पुलिस अधीक्षक संतोष



कुमार मिश्र द्वारा सुन्दर मुन्दर जायसवाल नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज में छात्राओं को जागरूक करने के लिए 'पुलिस की पाठशाला' कार्यक्रम आयोजित कराया गया जिसमें छात्राओं को पुलिस के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- 112 पीआरवी , 1090 वुमेन पावर हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वुमेन हेल्प लाइन, 108/102 एम्बूलेंस सेवा एवं 1930 साइबर हेल्पलाइन के नम्बरों की जानकारी देते हुए इनकी आवश्यता तथा प्रयोग करने की विधियों से अवगत कराते हुए जागरूक किया गया । इसी क्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया एवं छात्राओं व अध्यापिकाओं से संवाद कर उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समुचित प्रत्युत्तर देते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया।

## जनपद के सुदूर नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य कैम्प का किया गया आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मीरजापुर ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया है कि संभव अभियान के अन्तर्गत जनपद के सुदूर नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ब्लाक राजगढ़ के सक्तेशगढ़, पटेहरा के गोपालपुर, लालगंज के दुबार, हलिया के मतवार, छानवे के न्यू विजयपुर, कोन के कमासिन, सिटी ग्रामीण के लोंहदी, मझवां के जमुआ, पहाड़ी के छटहा, सीखड़ के बगहा, नरायनपुर के ए0पी0एच0सी0 नरायनपुर तथा जमालपुर के छोटा मीरजापुर में सुबह 09 बजे से दोपहर 02 बजे तक स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। जहॉ टीम आर0बी0एस0के0 चिकित्सकों के द्वारा सैम/मैम बच्चों, किशोरी बालिकाओं, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जॉच की गई तथा आवश्यकतानुसार दवाएं दिलवायी गई। उपरोक्त स्वास्थ्य कैम्प का सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा मुख्य सेविकाओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया।



# कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी से हटा विक्टोरिया खर्चा बढ़ने के चलते वापस लिया नाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया का विक्टोरिया राज्य ने 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी से पीछे हट गया है, जिससे इन खेलों के आयोजन पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। मेजबानी छोड़ने का कारण अनुमानित खर्चों में बढ़ोतरी को बताया गया है। क्विटोरिया के प्रीमियर डेनियल एंड्रयूज ने मंगलवार को कहा, हमारी सरकार ने पिछले वर्ष इस बहु खेल प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए सहमत हुई थी, लेकिन किसी भी कीमत पर नहीं। ऑस्ट्रेलिया का विक्टोरिया राज्य ने 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी से पीछे हट गया है जिससे इन खेलों के आयोजन पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। मेजबानी छोड़ने का कारण अनुमानित खर्चों में बढ़ोतरी को बताया गया है। क्विटोरिया के प्रीमियर डेनियल एंड्रयूज ने मंगलवार को कहा हमारी सरकार ने पिछले वर्ष इस बहु खेल प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए सहमत हुई थी लेकिन किसी भी कीमत पर नहीं। सरकार ने शुरुआत में पांच शहरों में खेलों के आयोजन के लिए दो अरब 60 करोड़ आस्ट्रेलियाई डालर (लगभग 14522 करोड़ रुपये) का बजट रखा था, लेकिन हाल के अनुमानों के अनुसार अब इसकी संभावित लागत सात अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 39112 करोड़ रुपये) तक पहुंच गई है। हमने मेजबानी अनुबंध से हटने के अपनी सरकार के निर्णय के बारे में कॉमनवेल्थ गेम्स के आयोजकों को सूचित कर दिया है। इस बीच, कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन (सीजीएफ) बयान जारी कर कहा कि वे अपने विकल्पों पर सलाह ले रहे हैं। अनुमानित लागत में वृद्धि मुख्य रूप से क्षेत्रीय, बहु-शहर मेजबानी माडल और विक्टोरिया सरकार के आयोजन स्थलों की योजना में बदलाव और अधिक खेलों को शामिल करने के निर्णय के कारण हुई है। वर्ष 2026 में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन 17 से 29 मार्च तक विक्टोरिया के गिलांग, बेडिंगो, बल्लारत, गिप्सलैंड और शेपार्टन में होना था। विक्टोरिया सरकार ने बहु शहर मेजबानी माडल को गेम चेंजर की तरह बढ़ावा दिया था, जिसमें पांच क्षेत्रीय केंद्रों में 20 खेलों की मेजबानी होनी थी। कॉमनवेल्थ गेम्स ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी क्रेग फिलिप्स ने कहा कि सरकार का पीछा हटना स्तब्ध करने वाला है। जून में विक्टोरिया 2026 आयोजन समिति बोर्ड के समक्ष पेश की गई रिपोर्ट में कहीं भी खर्चों में वृद्धि की बात नहीं थी। विक्टोरिया सरकार ने आयोजनों को मेलबर्न में स्थानांतरित करने की हमारी सिफारिशों को जानबूझकर अनदेखा किया और विक्टोरिया में ही महंगे अस्थायी स्थानों के साथ आगे बढ़ने को प्रतिबद्ध रही।यह लगातार दूसरा अवसर है जब कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पर विवाद हुआ है। 2022 में दक्षिण अफ्रीकी शहर डरबन ने भी वित्तीय कारणों से कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी से हाथ खींच लिए थे। इसके बाद सीजीएफ ने डरबन से मेजबानी छीनकर 21 दिसंबर 2017 में इंग्लैंड के शहर बर्मिंघम को दी थी। पांच बार मेजबानी कर चुका है ऑस्ट्रेलिया ऑस्ट्रेलिया 1938, 1962, 1982, 2006 और 2018 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी कर चुका है। विक्टोरिया ने मेलबर्न शहर में 2006 कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन किया था। 2018 के कॉमनवेल्थ गेम्स क्वींसलैंड के गोल्ड कोस्ट में आयोजित किए गए थे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम को मिली शर्मनाक हार, जर्मनी के खिलाफ 1-4 से हारी टीम इंडिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला हॉकी टीम को मेजबान जर्मनी के खिलाफ मंगलवार को यहां पहले मैच में 1-4 से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। टीम इस दौरे पर दूसरा मुकाबला बुधवार को खेलेगी।युवा वैष्णवी विट्ठल फाल्के (29वां मिनट) भारत के लिए एकमात्र गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। जर्मनी के लिए नाइक लोरेंज (छठे और 59वें मिनट) और जेटे फ्लेशचुट्ज (14वां और 43वां मिनट) ने दो-दो गोल किए। भारतीय महिला हॉकी टीम को मेजबान जर्मनी के खिलाफ मंगलवार को यहां पहले मैच में 1-4 से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। टीम इस दौरे पर दूसरा मुकाबला बुधवार को खेलेगी।युवा वैष्णवी विट्ठल फाल्के (29वां मिनट) भारत के लिए एकमात्र गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। जर्मनी के लिए नाइक लोरेंज (छठे और 59वें मिनट) और जेटे फ्लेशचुट्ज (14वां और 43वां मिनट) ने दो-दो गोल किए। जर्मनी ने आक्रामक अंदाज में मैच शुरू कर भारतीय टीम पर दबाव बनाया। टीम ने इस दौरान भारतीय रक्षापंक्ति को भेदते हुए दो गोल दागे। नाइक ने छठे मिनट में पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदला, वहीं जेटे ने पेनाल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। वैष्णवी ने पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदला जिससे भारतीय टीम ने दबाव कम किया।




# अब तो कुछ बोलने में भी डर लगता है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज पृथ्वी शॉ काफी लंबे समय से टीम से बाहर चल रहे हैं। हाल ही में उन्होंने क्रिकबज को दिए एक इंटरव्यू में भारतीय टीम में नजरअंदाज किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वह अब अकेले रहने लगे है। जहां भी जाते है वह अकेले जाते है और जब भी वह बाहर निकलते है तो लोग उन्हें परेशान करते हैं और इसकी वजह से उन्होंने खुद को घर में ही कैद कर लिया है। दरअसल, पृथ्वी शॉ ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच 25 जुलाई 2021 में खेला था। उसके बाद से वह लगातार टीम से बाहर चल रहे है।इस बीच उन्होंने हाल ही में क्रिकबज को दिए एक इंटरव्यू के दौरान अपनी मेंटल सिचुएशन पर खुलकर बात की। शॉ ने कहा कि उन्होंने अपने को घर में कैद कर लिया है। वह बाहर नहीं निकलते हैं और न ही दोस्तों से मिलते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब मुझे भारतीय टीम से बाहर किया गया, तो मुझे इसका कारण पता नहीं चला।

# अर्चना ने वर्ल्ड नंबर 39 सुथासिनी को हराया, पुनेरी पलटन की इंडियन ऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस सीजन-4 में पहली जीत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**पुणे।** वर्ल्ड नंबर 159 अर्चना कामथ ने एक रोमांचक मुकाबले में वर्ल्ड नंबर 39 सुथासिनी सॉवेटाबट को हरा दिया। इस शानदार परफॉर्मेंस की बदौलत पुनेरी पलटन टेबल टेनिस ने सोमवार को महालुंगे-बालेवाड़ी स्थित शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जा रहे इंडियन ऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस के चौथे सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की। पुनेरी पलटन ने गोवा चैलेंजर्स को 8-7 से हराया। कर्नाटक की इस पैडलर ने विश्व नंबर 39 सुथासिनी को हराने के लिए सटीक फोरहैंड खेलकर शुरुआती बढ़त ले ली। अर्चना ने लय नहीं खोई और पहला गेम 11-6 से अपने नाम किया। दूसरा गेम 11-8 से जीतकर पुनेरी पलटन टेबल टेनिस के लिए बराबरी हासिल कर ली। वह तीसरा गेम बेशक 6-11 से हार गईं, लेकिन एक भारी उलटफेर करते हुए अपनी फ्रेंचाइजी के लिए जीत पक्की कर ली। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रमोटेड 2017 में शुरू की गई इस फ्रेंचाइजी-बेस्ड लीग ने अपनी स्थापना के बाद से ही भारतीय टेबल टेनिस के लिए गेम-चेंजर का काम किया है और अब यह चौथे सीजन की सफलता के माध्यम से अपनी इस छवि को बरकरार रखेगी। गोवा चैलेंजर्स के हरमीत ने मुकाबले के पहले मैच, जो कि पुरुष सिंगल्स था में मानुष का सामना किया और अपनी फ्रेंचाइजी के लिए तीन मूल्यवान टीम प्वाइंट अर्जित किए। गुजरात के दोनों पैडलर्स मुकाबले की शुरुआत से ही एक-दूसरे से भिड़ते हुए नजर आए और अंक जुटाने के लिए आक्रामक इरादे जाहिर किए। बहरहाल, 10-10 की बराबरी के बाद गोल्डन प्वाइंट के जरिए पहला गेम 11-10 से हरमीत के पक्ष में गया। पुनेरी पलटन टेबल टेनिस को जीत की ओर अग्रसर कर दिया। मिस्र का पैडलर गोल्डन प्वाइंट के कारण पहला गेम हार गया। हालांकि, उन्होंने धमाकेदार वापसी की और सटीक शॉट खेले। रोबल्स को लंबी रैलियों में हराकर दूसरा गेम 11-5 से अपने नाम किया और फिर तीसरा गेम 11-9 से जीत कर अपनी टीम की जीत पक्की कर दी। यूटीटी सीजन 4 के सभी मुकाबलों का शाम 7.30 बजे स्पोर्ट्स 18 पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है। साथ ही जिओसिनेमा पर इसकी लाइव स्ट्रीमिंग भी हो रही है। इसके टिकट बुकमायशो पर उपलब्ध हैं।




# सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने मारा सबसे तगड़ा स्मैश गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में दर्ज हुआ भारतीय खिलाड़ी का नाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने अपने एक स्मैश से इतिहास रच डाला है। सात्विक ने 565 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से स्मैश लगाते हुए अपना नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया है। बैडमिंटन के इतिहास में यह किसी भी मेंस खिलाड़ी द्वारा लगाया गया अब तक का सबसे तेज स्मैश भी है। सात्विक ने 10 साल पुराने रिकॉर्ड को चकनाचूर कर डाला है। दरअसल, सात्विक ने यह रिकॉर्ड 14 अप्रैल 2023 को जापान के सेइतामा के सोका में मौजूद योनेक्स की फैक्टरी जिम्नेजियम में कायम किया था, जिसका आधिकारिक एलान अब योनेक्स कंपनी ने अपनी प्रेस रिलीज में किया है। सात्विक ने 565 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से स्मैश लगाते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में जगह बनाई। महिला खिलाड़ी में मलेशिया की टेन पियर्ली ने सबसे तेज स्मैश लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। पियर्ली ने 438 किमी प्रति घंटे की स्पीड से स्मैश लगाते हुए अपना नाम गिनीज बुक में दर्ज कराया। सात्विक ने अपने इस ताकतवर स्मैश के साथ ही 10 साल पुराने रिकॉर्ड को भी चकनाचूर कर दिया है। बता दें कि बैडमिंटन के खेल में इससे पहले सबसे तेज स्मैश का रिकॉर्ड टेन बून हियोंग के नाम था, जिन्होंने 493 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से स्मैश लगाई थी। सात्विक की यह स्मैश फॉर्मूला वन कार की मैक्सिमम स्पीड यानी 372.6 किमी प्रति घंटे से भी कई ज्यादा तेज थी।



# एशियाई खेल को लेकर खड़ा हुआ नया विवाद, बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट को बिना ट्रायल के एंट्री देने पर मचा बवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) की तदर्थ समिति ने मंगलवार को ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता विनेश फोगाट को एशियाई खेलों में सीधा प्रवेश दिया। इस फैसले के बाद हालांकि विवाद खड़ा हो गया है। अब दूसरे पहलवान और उनके कोच अदालत में चुनौती दे सकते हैं। यह निर्णय हालांकि विभिन्न वर्गों के राष्ट्रीय मुख्य कोच की सहमति के बिना लिया गया। भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) द्वारा नियुक्त तदर्थ समिति ने एक परिपत्र में कहा कि उसने पहले ही पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किग्रा और महिलाओं की 53 किग्रा में पहलवानों का चयन कर लिया है। इसके बावजूद तीनों शैलियों में से सभी छह वजन श्रेणियों में ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। तदर्थ समिति ने परिपत्र में बजरंग और विनेश का नाम नहीं लिया, लेकिन पैनल के सदस्य अशोक गर्ग ने पुष्टि की कि दोनों पहलवानों को ट्रायल से छूट दी गई है। ग्रीको-रोमन और महिलाओं के फ्रीस्टाइल ट्रायल 22 जुलाई को होने हैं, जबकि पुरुषों के फ्रीस्टाइल ट्रायल 23 जुलाई को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होंगे। बजरंग 65 किग्रा वर्ग के चुनौती पेश करते हैं। वह डब्ल्यूएफआइ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले छह पहलवानों में से एक हैं। वह इस समय किर्गिस्तान में प्रशिक्षण ले रहे हैं।




# ओलंपिक मेडलिस्ट मीराबाई चानू की पी एम मोदी से गुहार मणिपुर विवाद को जल्द सुलझाएं और लोगों को बचाएं


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** टोक्यो ओलंपिक में सिल्वर मेडल विजेता वेट लीफटर मीराबाई चानू ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की। मीराबाई ने अपने गृह राज्य मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच चल रहे विवाद को तेजी से हल करने का आग्रह किया। 3 मई को शुरू हुई जातीय झड़पों में अब तक 150 से अधिक लोगों की जान चली गई चानू ने कहा कि मौजूदा स्थिति के कारण एथलीट्स ट्रेनिंग लेने में असमर्थ हैं, जिससे उनकी तैयारियों में और भी मुश्किलें आ रही हैं। मीराबाई की प्रधानमंत्री से यह अपील मणिपुर के हालातों को जल्द से जल्द ठीक करने की अहमियत को दर्शाती है। विवाद से प्रभावित लोगों के अलावा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों के लिए यह विवाद सुलझाना काफी महत्वपूर्ण है मीराबाई चानू ने अपने ट्विटर हैंडल पर अपलोड किए गए एक वीडियो में कहा कि मैं प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से अपील करना चाहती हूं कि वे जल्द से जल्द इस संघर्ष को समाप्त करें और मणिपुरके सभी लोगों को बचाएं और उस शांति को वापस लाएं, जो पहले प्रचलित थी। टोक्यो ओलंपिक में 49 किग्रा भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतने वाली चानू ने कहा कि वह वहां से बहुत दूर रहने के बावजूद अपने गृह राज्य की स्थिति के बारे में सोचने से खुद को नहीं रोक पा रही हैं। मीराबाई ने आगे कहा कि मेरा घर मणिपुर में है। हालांकि मैं आगामी विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए फिलहाल अमेरिका में ट्रेनिंग ले रही हूं। भले ही मैं मणिपुर में नहीं हूं, लेकिन मैं हमेशा सोचती थी कि यह संघर्ष कब खत्म होगा। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किए जाने के बाद 3 मई को राज्य में जातीय झड़पें हुईं।



# पाक बल्लेबाज की अनोखी घटना पर हाके लगाकर हंस बाबर आजम मैदान पर खड़े अंपायर भी नहीं रोक सके अपनी हंसी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच के तीसरे दिन मैदान पर एक घटना घटने के बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अपनी हंसी को रोक नहीं सवे दिन के खेल के तीसरे और अंतिम सत्र में रमेश मेंडिस और अबरार अहमद के बीच मजेदार घटना हुई। पाकिस्तान की पारी के 120वें ओवर की अंतिम गेंद में मेंडिस ने ऑफ स्टंप के बाहर एक गेंद फेंकी और गेंद तेजी से घूम गई। 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए अबरार क्रीज पर थे। मेंडिस ने गेंद डाली और गेंद पाकिस्तानी बल्लेबाज के पैड के फ्लैप के बीच फंस गई। इस बीच मेंडिस ने जोरदार अपील की, लेकिन किसी को भी समझ नहीं आया कि आखिरी गेंद गई कहां। जब सभी ने देखा तो मैदान पर खड़े अंपायर के साथ-साथ कमेंटेटर भी अपनी हंसी को रोक नहीं पाए। ऐसे में कैमरे पर इस घटना को देख पाकिस्तानी कप्तान जोर से हंसने लगे, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसके बाद श्रीलंका के खिलाड़ी ने पाकिस्तानी बल्लेबाज को स्टंपस से दूर खींचकर कैच लेकर आउट करने की कोशिश की, लेकिन पाकिस्तानी बल्लेबाज वापस क्रीज पर पहुंच गए। इसके अलावा अगर मैच की बात करें तो पाकिस्तान मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। सऊद शकील के टेस्ट क्रिकेट में पहले दोहरे शतक ने पाकिस्तान की पारी को बड़े स्कोर के साथ खत्म किया और श्रीलंका के सामने पहली पारी में 416 रन का टारगेट रखा। श्रीलंका ने दूसरी पारी में तीसरा दिन खत्म होने तक 14 रन बना लिए हैं और पाकिस्तान को 135 रन की बढ़त हासिल है।



# राशिफल



**मेष-:** आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल रहेंगे। इस राशि के जो लोग नौकरी में हैं।

**वृष-:** आज व्यापार की दृष्टि से शुभ समय है। सब कुछ अपनी सामान्य गति से काम करेगा. नौकरीपेशा जातकों के लिए नए अवसर प्राप्त करने का उत्तम समय है।

**मिथुन-:** ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे होंगे। इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है. भाई-बहन से किसी बात को लेकर मनमुटाव की स्थिति बन सकती है।

**कर्क-:** इससे आप अपनी व्यवसाय संबंधी समस्याओं को सुलझाने में पहल और अधिक रुचि ले सकेंगे। साझेदारी आपके लिए कुछ बेहतरीन प्रोत्साहन ला सकती है।

**सिंह-:** थोड़ी सी मेहनत से आप अपने लक्ष्यों को आसानी से हासिल कर सकते हैं। नए जोड़ों के जीवन में खुशियां बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्य की दृष्टि से आज का दिन बेहतर है।

**कन्या-:** व्यवसायी अपने व्यावसायिक कौशल और निर्णय लेने की क्षमता के कारण उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएं। आपके लिए आर्थिक लाभ कमाने के अप्रत्याशित रास्ते भी खुलने की संभावना है।

**तुला-:** घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। आपको भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। घर के बुजुर्ग आपके काम से प्रभावित होंगे।

**वृश्चिक-:** आपके विरोधी निष्क्रिय रहेंगे और महत्वपूर्ण अधिकारियों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको अपने सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी और आपकी कुछ महत्वाकांक्षाएं पूरी होंगी।

**धनु-:** किसी काम में आपको सकारात्मक नतीजे मिलेंगे, जिससे आप खुशी महसूस करेंगे। आज कुछ पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की भी संभावना है।

**मकर-:** आज का दिन आपके लिए परेशानी भरा हो सकता है। नौकरीपेशा जातकों के लिए यह समय कठिन हो सकता है। व्यावसायिक दृष्टि से चीजें यथावत रहेंगी।

**कुंभ-:** आज आपको किसी खास काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। आप परिवार के साथ कोई मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं।

**मीन-:** आज का दिन उत्तम है। जो लोग परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश में हैं या अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं उन्हें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।





## सम्पादकीय

# बीमा क्षेत्र को बदल देगा संशोधित विधेयक; आर्थिक विकास को बढ़ावा और बड़े स्तर पर सृजित होगें रोजगार

यह विधेयक 1938 में बने बीमा कानून में संशोधन तो करेगा ही, 1999 के बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण कानून में भी बदलाव लाएगा। इस संशोधन के बाद यह कानून बड़े उद्यमों तथा बीमा कंपनियों के लिए भी फायदेमंद होगा। सरकार का मानना है कि इस विधेयक के पारित होने के बाद देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि बीमा और स्वास्थ्य सुरक्षा क्षेत्र में बड़ी तादाद में नई कंपनियां उतरेंगी, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा। अब जबकि संसद का मानसून सत्र आ चला है, कई विधेयकों पर सभी की नजर है, जिनमें कुछ ऐसे भी हैं, जो आर्थिक, वित्तीय और कॉरपोरेट सेक्टर से जुड़े हुए हैं। इनमें एक ऐसा विधेयक है, जिसे सुधारवादी ही नहीं, रोजगार प्रेरक माना जा रहा है। यह बीमा कानून (संशोधन) विधेयक, 2023 है और पारित होने पर यह गेम चेंजर साबित हो सकता है। इसके पारित होने पर बड़े पैमाने पर रोजगार के रास्ते खुलेंगे और निवेश भी बढ़ेगा। इसे इसी सत्र में रखा जाएगा और लोकसभा में सत्तारूढ़ दल का बहुमत होने के कारण इसका पारित होना तय ही है। उम्मीद है कि इसे राज्यसभा में भी पारित होने में ज्यादा कठिनाई नहीं होगी।यह विधेयक 1938 में बने बीमा कानून में संशोधन तो करेगा ही, 1999 के बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण कानून में भी बदलाव लाएगा। इस संशोधन के बाद यह कानून बड़े उद्यमों तथा बीमा कंपनियों के लिए भी फायदेमंद होगा। सरकार का मानना है कि इस विधेयक के पारित होने के बाद देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि बीमा और स्वास्थ्य सुरक्षा क्षेत्र में बड़ी तादाद में नई कंपनियां उतरेंगी, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा।विकसित देशों की तुलना में भारत में बहुत कम लोग व्यक्तिगत बीमा के अंदर आते हैं। लेकिन सरकार के प्रयासों और आर्थिक मदद की वजह से 2021 तक 51 करोड़ से भी ज्यादा लोगों का स्वास्थ्य बीमा हो चुका था। और इस मद में बीमा उद्योग की सकल प्रीमियम आय 470 अरब रुपये थी। भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया का नवां बीमा प्रीमियम बाजार है, लेकिन देश की आबादी का महज 3.30 फीसदी ही जीवन बीमा के दायरे में है। इसे ध्यान में रखकर बीमा नियामक आईआरडीएआई ने 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' का मिशन शुरू किया है, जिससे बीमा पैठ में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे कारोबार करने में सुगमता को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी तथा क्षेत्र को अधिक निवेश-अनुकूल बनाने में सहायता मिलेगी। इससे 2027 तक ही भारतीय बीमा बाजार के 200 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। अभी भारत में महज 24 जीवन बीमा कंपनियां हैं और 31 सामान्य बीमा कंपनियां काम कर रही हैं। इस विधेयक के पारित होने के बाद सामान्य कंपनियां भी बीमा के कारोबार में कदम रख सकती हैं। यह विधेयक इस दृष्टि से अनूठा है कि इसमें बीमा कंपनी खोलने के लिए बाध्यकारी 100 करोड़ रुपये की सीमा को खत्म किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक कारोबारी इस क्षेत्र में कदम रख सकें। अब भारत में जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा एक साथ हो सकेंगे, जिससे बीमाधारक को बड़ी-बड़ी हेल्थ कंपनियों की सेवाएं बीमा के पैसे से ही मिल सकेंगी। अमेरिका-यूरोप में ऐसी व्यवस्था पहले से है। भारत में सरकार इस क्षेत्र में काम कर रही सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी घटाने का काम शुरू कर चुकी है। इससे इस क्षेत्र में निजी कंपनियों के लिए रास्ता खुलेगा। संसद के मानसून सत्र में इस बार कई और भी विधेयक रखे जाएंगे, जिनमें कंपनियों के दिवालिया होने पर आगे उनके अधिग्रहण को आसान बनाने के लिए भी एक विधेयक है, जिससे समय बर्बाद नहीं होगा और पुरानी कंपनी को कोई नई कंपनी अपने हाथ में ले सकेगी। दरअसल, यह 2016 में बनाए गए इंसॉल्वेंसी ऐंड बैंकरप्सी कोड (आईबीसी) में संशोधन है, जिससे दीवालियापन की प्रक्रिया में तेजी आए और सबसे उपयुक्त दावेदार को शीघ्र उसकी जिम्मेदारी सौंपी जाए, ताकि संपत्ति बर्बाद न हो। इस बार कर कानूनों में संशोधन से भी जुड़ा विधेयक रखा जाएगा, जिससे टैक्स देने वालों को आसानी होगी और जटिलता खत्म होगी।

# भूमि सम्मान-2023 में छाया ओडिशा और मध्य प्रदेश, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिया पुरस्कार

भूमि संबंधी अभिलेखों के डिजिटलीकरण के लिए केंद्रीय पंचायतराज मंत्रालय ने डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। भूमि प्रबंधन और भूमि संबंधी विवादों को खत्म करने में महत्वपूर्ण इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट काम करने वाले राज्यों के अधिकारियों को मंगलवार ऊर्जा। राष्ट्रपति ने इस प्रसन्नता जताई कि डिजिटल इंडिया भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली के तहत एक विशिष्ट भूमि पार्सल पहचान संख्या प्रदान की जा रही है। नौ राज्यों के सचिवों सहित 68 जिलों के अफसरों को भूमि सम्मान प्रदान किया गया। खास बात है कि उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे सम्मान-2023 के समारोह में ओडिशा, मध्यप्रदेश, गुजरात, बिहार, असम, छत्तीसगढ़, झारखंड, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के नौ सचिवों सहित कुल 68 जिलों की टीम के अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इनमें सर्वाधिक पुरस्कार पाने वाले ओडिशा के 19 जिलों के 57 अधिकारी, मध्यप्रदेश राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और पंचायतीराज राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल की उपस्थिति में भूमि सम्मान प्रदान किया।इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि देश के समग्र विकास के लिए ग्रामीण विकास में तेजी लाना आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए भूमि अभिलेखों का आधुनिकीकरण विकास पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा।भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण और विभिन्न सरकारी विभागों के साथ इसके जुड़ाव से कल्याणकारी योजनाओं के उचित कार्यान्वयन में मदद मिलेगी। बाढ़ और आग जैसी आपदाओं के कारण दस्तावेजों के नुकसान की स्थिति में भी यह बहुत जाएगा। राष्ट्रपति ने इस प्रसन्नता जताई कि डिजिटल इंडिया भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली के तहत एक विशिष्ट भूमि पार्सल पहचान संख्या प्रदान की जा रही है, जो आधार कार्ड की तरह उपयोगी हो सकती है।राष्ट्रपति ने कहा कि यह संख्या भूमि के समुचित उपयोग के साथ-साथ नई कल्याणकारी योजनाओं




को जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सम्मानित किया तो ओडिशा और मध्यप्रदेश के अधिकारी छाए रहे। डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम में उत्कृष्ट काम करने पर नौ राज्यों के अधिकारी सम्मानित। राष्ट्रपति मुर्मु ने दिया सम्मान कहा- विवाद सुलझाने में नहीं विकास में खर्च होगी जनता और संस्थाओं की राज्य इस सूची में अपना स्थान नहीं बना सके। राष्ट्रपति ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए विश्वास जतया कि भूमि संबंधी दस्तावेजों का डिजिटलीकरण हो जाने से जनता व संबंधित संस्थाओं की ऊर्जा भूमि विवाद निपटाने में नहीं, बल्कि विकास में खर्च होगी। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में मंगलवार को आयोजित भूमि के 15 जिलों के 35 अफसर, त्रिपुरा के सात जिलों के सात अधिकारी, पश्चिम बंगाल के चार जिलों के नौ अधिकारी, झारखंड के नौ जिलों के 24 अफसर, गुजरात के छह जिलों के 18 अधिकारी, छत्तीसगढ़ के दो जिलों के छह अफसर, बिहार के पांच जिलों के 15 और असम के एक जिला के तीन अफसरों को राष्ट्रपति ने केंद्रीय ग्रामीण विकास एक बुनियादी आवश्यकता है, क्योंकि अधिकांश ग्रामीण आबादी की आजीविका भूमि संसाधनों पर निर्भर है। ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए एक व्यापक एकीकृत भूमि प्रबंधन प्रणाली अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण से पारदर्शिता बढ़ती है। भू-अभिलेखों के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण से देश के मददगार होगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश की एक बड़ी आबादी जमीन से जुड़े विवादों में उलझी हुई है और इन मामलों में प्रशासन और न्यायपालिका का काफी समय बर्बाद होता है। डिजिटलीकरण और सूचना के जुड़ाव के माध्यम से लोगों और संस्थानों की ऊर्जा, जो विवादों को सुलझाने में खर्च होती है, उसका उपयोग विकास के लिए किया को बनाने और लागू करने में मदद करेगी। ई-कोर्ट को भूमि रिकार्ड और पंजीकरण डेटा-बेस से जोड़ने से कई लाभ होंगे। डिजिटलीकरण से जो पारदर्शिता आ रही है, उससे जमीन संबंधी अनैतिक और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।भूमि संबंधी जानकारी मुफ्त और सुविधाजनक तरीके से मिलने से कई फायदे होंगे।

# भारत के लोकतंत्र, संविधान को बचाने के लिए विपक्ष है एकजुट: महबूबा मुफ्ती

2024 के लोकसभा चुनावों में अभी समय है, लेकिन चुनावों से पहले ही राजनीतिक दलों के बीच जंग छिड़ गई है। मंगलवार को ँव्झ् ने घोषणा की है कि र्ऐं के 38 सहयोगियों ने बैठक में अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है। मंगलवार को बेंगलुरु विपक्ष की बैठक में शामिल हुईं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी विपक्षी दल एकजुट हो गए हैं। विपक्ष की दूसरी बैठक में शामिल होने के बाद दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचीं महबूबा मुफ्ती नेर्ंच् से कहा कि सभी विपक्षी दल एकजुट हो गए हैं और हम भारत के लोकतंत्र, संविधान को बचाना चाहते हैं और गांधीजी की गंगा यमुना तहजीब को बचाना चाहते हैं जिसके लिए उन्होंने अपना बेरोजगारी चरम पर है लेकिन किसी को इसकी चिंता नहीं है। वहीं दूसरी ओर लोगों को आपस में लड़ाने की कोशिश की जा रही है। इससे पहले मंगलवार को देश भर के 26 विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं ने 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्र में सत्तारूढ़ र्ऐं गठबंधन दिया है और वह है ''भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (घ्र्ऐं)। इस पर सभी ने सहमति जताई और नाम का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। 23 जून को पटना में मिले 26 दलों से 10 से अधिक दलों के प्रतिनिधियों ने अभियान प्रबंधन और समन्वय के लिए सभी



(इझ्) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि भारत के लोकतंत्र और इसके संविधान को बचाने के लिए सभी विपक्षी दल एकजुट हो गए हैं। महबूबा मुफ्ती नेर्ंच् से कहा कि सभी विपक्षी दल एकजुट हो गए हैं और हम भारत के लोकतंत्र संविधान को बचाना चाहते हैं। वहीं, मंगलवार को बेंगलुरु विपक्ष की बैठक में शामिल हुईं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (इझ्) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि भारत के लोकतंत्र और इसके संविधान को बचाने के लिए सभी जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने ँव्झ् पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी संविधान, लोकतंत्र और लोगों के अधिकारों को खत्म करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में जो हो रहा है वह सही नहीं है। गांधी के भारत को बदलने के लिए हमारे संविधान, लोकतंत्र और लोगों के अधिकारों को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। महबूबा मुफ्ती ने साधा ँव्झ् पर निशाना उन्होंने ँव्झ् पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई और से मुकाबला करने के लिए एकजुट रणनीति पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को बेंगलुरु में मुलाकात की। मंगलवार की बैठक में विपक्षी नेता गठबंधन के लिए एक नाम लेकर आए और घोषणा की कि इसे भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (घ्र्ीह ूदर्हेत् अनत्दज्सर्हूेत् घ्हम्त्ल्ग्न्र्ीहम) या इंडिया कहा जाएगा।कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहले हम ळईं थे और अब सभी 26 पार्टियों ने विपक्ष को एक नाम प्रमुख दलों और दिल्ली में सचिवालय सहित 11 सदस्यीय समन्वय समिति गठित करने का भी निर्णय लिया। विभिन्न उप-समितियों का कामकाज, जो विशिष्ट मुद्दों पर विचार करेगी। विपक्ष की अगली बैठक मुंबई में होगी; तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी। 11 सदस्यीय समन्वय समिति गठित की जाएगी। खड़गे ने कहा कि समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा मुंबई में की जाएगी।

# आसमानी आफत में हिमालय; भविष्य की पारिस्थितिकीय असुरक्षा की ओर ले जा रहे मौजूदा हालात

मौजूदा हालात हमें भविष्य की पारिस्थितिकीय असुरक्षा की तरफ ले जा रहे हैं। जिस तरह से पहाड़ टूट रहे हैं और लगातार भू-स्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं, एक दिन ऐसा भी हो सकता है कि हिमालय अपना अस्तित्व खो दे। इसलिए हिमालय को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर चिंतन-मंथन होना चाहिए। यह मात्र पहाड़ को बचाने के लिए नहीं, बल्कि देश की पारिस्थितिकी सुरक्षा को भी बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण होगा। इसके साथ सीमा सुरक्षा भी अपने आप जुड़ जाती है। दइस बार की बारिश ने एक बार फिर से उत्तराखंड में 2013 की केदारनाथ त्रासदी की यादें ताजा कर दी हैं। हालांकि लगातार 72 घंटों से ज्यादा समय तक हुई बारिश से पूरे देश के विभिन्न हिस्से प्रभावित हुए हैं, लेकिन बारिश का सबसे ज्यादा असर अगर कहीं पड़ा है, तो वह पहाड़ी क्षेत्र ही है। हिमाचल प्रदेश के हालात तो बहुत गंभीर हो गए हैं। मनाली, मंडी जैसे पर्यटक स्थल आज पूरी तरह सूने हो चुके हैं। एक बार फिर जनमानस में उसी भय ने जगह बना ली है, जो केदारनाथ त्रासदी के कारण हुई थी। जान-माल के भारी नुकसान की खबरें भी हैं और आने वाले समय में ही पूरे नुकसान का आकलन किया जा सकेगा। स्वयं प्रधानमंत्री ने इन सभी क्षेत्रों में भारी बारिश से हुए नुकसानों की जानकारी ली। जाहिर है, प्रधानमंत्री की चिंता हिमालय के प्रति है।दुनिया के बदलते पर्यावरण का अगर किसी को सबसे बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ता है, तो वह हिमालय क्षेत्र ही है। पृथ्वी का औसत तापमान 17 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। वर्ष 2016 से 2022 के बीच में यह करीब 12 से 17 डिग्री सेल्सियस के बीच में झूल रहा था। वर्ष 2016 में औसत तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस था, जो अब 17 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर चुका है। इसका सीधा असर समुद्रों पर पड़ता है, क्योंकि पृथ्वी में सबसे ज्यादा समुद्र ही हैं। जब कभी समुद्र का तापक्रम बढ़ेगा, तो स्वाभाविक है कि वाष्पोत्सर्जन होगा और यही टुकड़ों-टुकड़ों में बारिश बनकर जगह-जगह कहर ढाता रहेगा।प्रकृति के चक्र को तो हम समझते ही हैं कि गर्मियों में मानसून समुद्र से उत्पन्न होता है और यह उत्तर भारत का रुख करता है, जिससे देश में इस समय बारिश होती है। लेकिन इस बार हमने देखा कि जून आने और मानसून के उत्पन्न होने से पहले ही बारिश पड़ी थी। यह सबसे बड़ा संकेत था कि समुद्र में उत्पन्न वाष्पोत्सर्जन और उसके साथ चली हुई हवाएं और तापक्रम का अंतर ही उस बारिश को लाया था, जिसे हमने पश्चिमी विक्षोभ का असर बताया था। पर अब हालात बदले हुए हैं। लगातार औसत तापमान के बढ़े होने के कारण समुद्र में तूफान तो चलेंगे ही, लेकिन पृथ्वी पर कब किस समय वर्षा हो जाए, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकेगा। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की रिपोर्ट ने भी बताया था कि जिस तरह से पृथ्वी के तापमान में अंतर आ रहा है, कई हलचलों के अलावा अगर इसका सबसे बड़ा प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, तो वह सीधे पहाड़ों पर पड़ेगा। इसे सरल तरीके से इस तरह समझा जा सकता है कि धरती के बढ़ते तापमान और उसके कारण समुद्र में हुए वाष्पोत्सर्जन के कारण मैदानी इलाकों में उमस बढ़ती है। समुद्र में वाष्पोत्सर्जन के कारण उठी हवाएं जब पहाड़ की ओर चलती हैं, तो वहां तापक्रम में कमी पाने पर बरस जाती हैं।हमें यह समझना होगा कि हिमालयी क्षेत्र देश का एक हिस्सा मात्र नहीं है, बल्कि वह प्राकृतिक संसाधनों-हवा, मिट्टी, जंगल, पानी का स्रोत है, क्योंकि आज भी सबसे ज्यादा वन, नदियां और हिमखंड, जिनके ऊपर दो अरब लोगों का जीवन निर्भर है, का स्रोत हिमालय ही है।

# मानसून की दस्तक का पेट्रोल-डीजल की मांग पर पड़ा असर, जुलाई के पहले पखवाड़े में घटी मांग

देश में पेट्रोल और डीजल की खपत में जुलाई के पहले पखवाड़े में गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार, मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश की वजह





से लोगों ने अपनी यात्रा की योजना टाल दी है। इसके अलावा कृषि क्षेत्र में भी ईंधन की मांग घट गई है। इससे पेट्रोल-डीजल की कुल मांग प्रभावित हुई है। देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन डीजल की मांग एक से 15 जुलाई के दौरान 15 प्रतिशत घटकर 29.6 लाख टन रह गई। कुल ईंधन मांग में डीजल का हिस्सा करीब 40 प्रतिशत है। गर्मियों में वाहनों में 'एसी' का इस्तेमाल बढ़ने तथा कृषि क्षेत्र की मांग में उछाल से अप्रैल और मई में डीजल की मांग क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 9.3 प्रतिशत बढ़ी थी। मानसून के आने के साथ ही जून के दूसरे पखवाड़े से इसकी मांग घटने लगी थी। मासिक आधार पर डीजल की बिक्री में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। एक से 15 जून के दौरान डीजल की बिक्री 36.8 लाख टन रही थी। समीक्षाधीन अवधि में पेट्रोल की बिक्री भी 10.5 प्रतिशत घटकर 12.5 लाख टन रह गई। मासिक आधार पर पेट्रोल की बिक्री 10.8 प्रतिशत घटी है। भारत में मैन्यूफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर दोनों आगे बढ़ रहे हैं, जिससे देश में ईंधन की मांग भी तेज रही है। इसकी वजह से मार्च के दूसरे पखवाड़े में पेट्रोल और डीजल की मांग बढ़ी थी। हालांकि, मानसून के आगमन के साथ इन ईंधन की मांग सुस्त पड़ी है। एटीएफ की मांग 6.1 प्रतिशत बढ़ी हवाई यात्राओं में लगातार बढ़ोतरी के साथ विमान ईंधन (एटीएफ) की मांग एक से 15 जुलाई के दौरान पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 3,01,800 टन हो गई। यह जुलाई, 2021 के पहले पखवाड़े की तुलना में दोगुना से ज्यादा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अफसरों की तैनाती पर खड़े हुए सवाल, कुमारस्वामी ने बताया अपमान; सिद्दरमैया ने दी सफाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेंगलुरु।** 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दलों की बेंगलुरु में बैठक हुई। इस बैठक में विपक्षी दलों के गठबंधन को नया नाम मिला। हालांकि, इस बैठक में धिंए अधिकारियों की तैनाती को लेकर



सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल, जनता दल (सेक्युलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा बेंगलुरु में विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक के लिए 30 आईएएस अधिकारियों को तैनात करने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारी राज्य की क्षमता एवं दक्षता के प्रतीक हैं और इन अधिकारियों को राजनेताओं की सेवा के लिए द्वारपाल' के रूप में तैनात करना अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। हालांकि, सिद्दरमैया ने आगे कहा कि यह परंपरा पहले भी रही है और यहां प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। उन्होंने दोहराया कि अधिकारियों को केवल गणमान्य व्यक्तियों के स्वागत के लिए नियुक्त किया गया था और उनका उपयोग राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए नहीं किया गया था। बता दें कि बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक 17 और 18 जुलाई को हुई थी। जिसमें 26 विपक्षी दलों ने लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक की। इस बैठक में 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने के उद्देश्य से अपने संयुक्त कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए विचार-विमर्श किया गया।

# प्रोजेक्ट साकार का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** जिला कारागार गौतम बुद्धनगर में निरूद्ध बंदियों के गुणो




एवं व्यक्तित्व सुधार हेतु नॉलेज पार्क स्थित जीएल बजाज इंस्टीटयूट ऑफ मेनेजमेंट के द्वारा 'इंण्डिया विजन फाउडेशन के सहयोग से प्रोजेक्ट साकार का आयोजन किया गया। जिला कारागार के कौशल विकास केन्द्र मैं आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत जीएल बजाज की टीम ने खाना बनाना एवं वाहन धुलाई का प्रशिक्षण दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी कैदियों को अपराध से दूर रखते हुए उनके व्यक्तित्व का चहुंमुखी विकास करना था ताकि ये सभी बंदी कारागार से रिहाई के पश्चात मुख्य धारा से जुड़कर अपनी आजीविका आसानी से कमा सकें। कार्यक्रम में उन 18 पुरुष बंदियों को प्रशिक्षित किया गया जिनकी रिहाई आगामी तीन से चार महिनों में होनी है। इस अवसर पर कारागार प्रशासन की ओर से जेल अधीक्षक अरूण प्रताप सिंह, जेलर जे0 पी0 तिवारी, उपकारापाल सुनील दत्त मिश्रा, उपकारापाल शिशिर कान्त कुशवाह, जीएलबीआईएमआर की डायरेक्टर डॉक्टर सपना राकेश, इण्डिया विजन फाउंडेशन की डायरेक्टर मोनिका धवन, डॉ0 अरविंद भट्ट, डॉ0 पुनीत मोहन, प्रोफेसर भावना भारद्वाज , रेनू नाग, रवि श्रीवास्तव, मिथुन प्रताप सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थिति रहे। कारागार प्रशासन ने इस आयोजन के लिए जीएल बजाज शिक्षण संस्थान और इण्डिया विजन फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। अंत में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले बंदियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास उरमलिया की विशेष उपस्थिति में आयोजित हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** बदेरा सर्किल के अंतर्गत ग्राम अमिलिया में कांग्रेस पार्टी के तत्वधान में नारी सम्मान योजना का कार्यक्रम कांग्रेस पार्टी के नेता



रामनिवास उरमलिया की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को कांग्रेस नेता उरमलिया ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा जारी जन हितैषी कार्यक्रमो की जानकारी देते हुए आवाहन किया कि आप सभी आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का साथ देने के लिए तैयार रहें। अपने उद्बोधन में कांग्रेस नेता रामनिवास उरमलिया ने बताया कि विगत 18 वर्षों से मध्य प्रदेश की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी ने आम लोगों को केवल महंगाई,भ्रष्टाचार,शोषण,उत्पीड़,जुमलेबाजी और झूठी योजनाओं के अलावा कुछ नहीं दिया जबकि कांग्रेस जो कहती है। उसे पूरा भी करके दिखाती है श्री उरमलिया ने आगे कहा कि जब कमलनाथ जी मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने किए गए वादे निभाए थे। आज पूरा प्रदेश अराजकता और नौकरशाही का दंश झेल रहा है।लोग परेशान हैं। सत्ता परिवर्तन करना चाहते हैं। ग्रामीण महिलाओं ने इस अवसर पर अपना पंजीयन कराया तथा मंगलगीत भी गाए। ग्रामीणों की सुनी समस्याएं! कांग्रेस नेता श्री उरमलिया जी से इस बीच ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याएं भी गिनाई जिसमे खाद्यात्र न मिलने, सामाजिक सुरक्षा ,पेंशन प्राप्त न होने बिजली एवं स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों का जिक्र किया।। कार्यक्रम में,,वरिष्ठ समाजसेवी राजु उरमलिया जी,ब्रजेश तिवारी मुंशी जी,रामहित पटेल, विष्णुपुर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद तिवारी ,बरा खुर्द मंडलम अध्यक्ष चंद्रभान सिंह , डॉ प्रमोद कुमार पांडे ,शंकर सिंह ,लाला पांडे ,प्रमोद सोनकर, पराग द्विवेदी ,सुदीप तिवारी, अंकित उरमलिया ,सोनू तिवारी, सुभाष पांडे, पवन तिवारी, महेंद्र तिवारी ,लवकुश तिवारी, राजेंद्र तिवारी, सुदामा पटेल ,पूर्व सरपंच दुलारी चंद्र साहू ,दुर्गेश गुप्ता, अजय तिवारी ,संजय गौतम ,भूरा साहू ,कन्हैया लाल दहिया, अतुल तिवारी, लवकुश गुप्ता, बृजेश साहू, रमेश वर्मा, राकेश पटेल, रामसिंह विष्णुपुर, प्रताप सिंह, दिलीप पांडे, बाबूलाल साहू, विजय गुप्ता ,जमुना गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, तिलक सिंह ,आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।।

# उत्सर्जन में कमी के लिए विकासशील देशों को मिलेंगे 100 अरब डॉलर, जी-20 की बैठक में बनी सहमति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन के तहत उत्सर्जन को कम करने के उपाय के लिए विकसित देश इस साल विकासशील देशों को 100 अरब डॉलर देंगे। जी-20 समूह के फैसला काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि आठ साल पहले हुए पेरिस समझौते के बाद विकसित देशों ने विकासशील देशों को समझौते के तहत अपनाए जाने वाले उपायों के लिए हर साल 100 अरब प्रमुखता से रखा था कि एमडीबी विकासशील देशों को कर्ज मुहैया कराने में समान रुख नहीं अपनाता है। क्रिप्टो पर बनेगा सख्त वैश्विक नियम वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जी-20 देशों




देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों के बीच हुई बैठक में इस बात को लेकर सहमति बन गई है। जी-20 समूह से जुड़े देशों के वित्त मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में इस बात को लेकर भी रजामंदी बनी कि बहुपक्षीय विकास बैंक (एमडीबी) कर्ज से जूझ रहे देशों को 200 अरब डालर का नया कर्ज मुहैया कराएगा। इसके लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा। वहीं एफएसबी की रिपोर्ट में यह भी सिफारिश की गई है कि कोई देश चाहे तो क्रिप्टो पर प्रतिबंध भी लगा सकता है। भारत की अगुआई में यह डालर देने का वादा किया था, लेकिन किसी तरह का भुगतान नहीं किया गया था। पहली बार विकसित देश इस मद में वित्तीय मदद देने के लिए राजी हुए हैं। गांधीनगर में जी-20 समूह से जुड़े देशों के वित्त मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में इस बात को लेकर भी रजामंदी बनी कि बहुपक्षीय विकास बैंक (एमडीबी) कर्ज से जूझ रहे देशों को 200 अरब डालर का नया कर्ज मुहैया कराएगा। इसके लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा। इससे पहले बेंगलुरू में वित्त मंत्रियों की हुई बैठक में भारत ने इस मुद्दे को के वित्त मंत्रियों की बैठक में फाइनेंशियल स्टैबिलिटी बोर्ड (एफएसबी) की रिपोर्ट रखी गई। एफसबी ने आपस में सूचना के आदान-प्रदान और डाटा शेय□रग के आधार पर क्रिप्टो करेंसी को लेकर सख्त वैश्विक नियामक बनाने की सिफारिश की है, जिस पर सभी देशों में सहमति दिखी। सभी देशों ने माना कि क्रिप्टो काफी जोखिम भरा है।एफएसबी की रिपोर्ट में यह भी सिफारिश की गई है कि कोई देश चाहे तो क्रिप्टो पर प्रतिबंध भी लगा सकता है। पिछले कुछ सालों में क्रिप्टो से छोटे-छोटे देश काफी प्रभावित हुए हैं। भारत ने ही क्रिप्टो को लेकर वैश्विक नियामक बनाने की पहल की थी और इस संबंध में बेंगलुरू में होने वाली पिछली बैठक में एफएसबी का गठन किया गया था। एफएसबी की रिपोर्ट के आधार पर सितंबर में होने वाली जी-20 की बैठक में क्रिप्टो को लेकर अंतिम दस्तावेज सौंपा जाएगा जिसके बाद ही वैश्विक नियामक को लेकर कोई फैसला हो पाएगा। मंत्री ने बताया कि जी-20 के सभी देशों ने वित्तीय समावेश के लिए भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की सराहना की। उन्होंने बताया कि जी-20 और जी-20 से बाहर के देशों ने भी भारत से इस दिशा में सहायता की उम्मीद जाहिर की हैं। इस बारे में आरबीआइ गवर्नर शक्ति कांत दास ने बताया कि जी-20 देशों का मानना है कि यूनिफायड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआइ) दुनिया की सबसे बेहतरीन डिजिटल भुगतान प्रणाली है और वे वित्तीय समावेश के लिए इस प्रणाली को अपनाना चाहते हैं। कई देशों के साथ इस संबंध में बातचीत जारी है। वित्त मंत्री ने बताया कि सीमा पार भुगतान के लिए डिजिटल करेंसी को अपनाने को लेकर सभी देशों ने उत्साह दिखाया। सीतारमण ने कहा कि बैठक में वैश्विक महामारी को रोकने के उपाय, वैश्विक स्तर पर हो रही महंगाई, खाद्य सुरक्षा और शहरों के स्व-वित्तीय व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय सम्मेलन में वैश्विक अर्थव्यवस्था, वैश्विक स्वास्थ्य, टिकाऊ विकास और इन्फ्रा, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय इंतजाम व कराधान के थीम पर चर्चा की गई और भारत की इन सभी थीम का सभी देशों ने पूरी तरह से समर्थन किया।

# महंगाई को लेकर सपा नोएडा महानगर इकाई का प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सपा नोएडा महानगर इकाई ने नॉर्थ आई चौराहा सेक्टर 75 में देश व प्रदेश में बढ़ती महंगाई के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया सपा नोएडा महानगर इकाई के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सेक्टर 75 के मार्केट में खड़े होकर लोगों को ?50 किलों में टमाटर बेचकर



सांकेतिक रूप से प्रदर्शन के साथ-साथ सरकार को जगाने का काम किया ,महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार में जमाखोरों और पूंजी पतियों का बोलबाला है किसानों से सस्ते दाम में टमाटर खरीद कर स्टॉक किया जा रहा है और महंगे दामों में जनता को बेच रहे हैं कीमत बढ़ने के बाद सब्जी से टमाटर गायब सा हो गया है पहले रसोई गैस, अरहर दाल और तेल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई अब सब्जियों के दाम बढ़ाए जा रहे हैं, महासचिव विकास यादव ने कहा कि ठसखी सैंया तोह खूब ही कमात है, महंगाई डायन खाए जात है' के गीत पर प्रदर्शन करने वाले भाजपाई आज कहां है, मौजूद मुख्य लोगों में महासचिव विकास यादव, ओमपाल राणा,दिव्यांशु यादव, मुकेश प्रधान, संजय त्यागी, सुशीला भारती, मनोज गोयल, मुमताज आलम, गौरव कुमार यादव, योगेश भाटी, अनिल शर्मा, मोहित यादव, राहुल यादव,बबली शर्मा, बाबूलाल बंसल, विवेक यादव, शादाब खान, राणा मुखर्जी, प्रवीण शर्मा, राम सहेली, शमा परवीन, पूनम चौधरी, रेणुका मेथी, सतवीर, सौरभ चौहान, देबाशीष बॉस,सुरेंद्र कुमार ,उदय सिंह , रिंकू यादव नसरुद्दीन,शहनाज हुसैन, राजू टाक, सिकंदर पासवान, मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पृथला पुल में आई दरारें व बैठक, पुल की क्वालिटी जांच के लिए नेफोमा ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** वेस्ट नोएडा के चर्चित सिग्नेचर ब्रिज पृथला पुल में आई



दरारें व बैठक, पुल की क्वालिटी जांच के लिए सामाजिक संस्था नेफोमा ने मुख्यमंत्री को लिखा है पत्र नेफोमा ने पत्र में लिखा है नोएडा वासी पृथला पुल का बेसब्री से लगभग 5 साल से इंतजार कर रहे थे आपके द्वारा 25 जून 2023 को पुल का उद्घाटन संपन्न हुआ हम सभी क्षेत्रवासियों ने बहुत खुशी मनाई सरकार की बहुत परियोजनाओं को आपके नेतृत्व में पूरा किया गया जिसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। 13 जुलाई 2023 को पुल के ऊपर हमने पाया कि पुल में दरारें आ गई हैं और एक जगह 1 मीटर गोलाकार में पुल का हिसाब बैठक ले रहा है यह अत्यंत विचार करने वाली बात है कि इतनी जल्दी पुल के मैं दरार आ गई पुल पर पानी रुकने की संभावना भी नही है कि जिससे सड़क खराब हो, कहीं ना कहीं ठेकेदारों द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों की अनदेखी हुई है। नेफोमा अध्यक्ष अन्नू खान ने मांग की है कि नोएडा प्राधिकरण के ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाए और निष्पक्ष जांच कराई जाए क्योंकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गाजियाबाद के लाखों लोग पृथला फ्लाईओवर का इस्तेमाल करते हैं।

# प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान के मैहर आगमन को लेकर चाक चौबंध व्यवस्था के चलते निरीक्षण में हेलीपेड पंहुचे सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा एवम एस पी आशुतोष गुप्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम को लेकर जिला एवं तहसील के अधिकारियों ने लिया जायजा!सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा सतना एस पी आशुतोष गुप्ता सहित स्थानीय प्रशानिक अमला सभी ने हेलीपैड में पहुंचकर किया निरीक्षण! इस दौरान भाजपा के वरिष्ट नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी सहित भाजपा के कई नेता रहे उपस्थित!25/07/2023 को मुख्यमंत्री का मैहर दौरा है! मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सर्व प्रथम मां शारदा के दर्शन करेंगे उसके बाद माता सेबरी के कार्यक्रम में शामिल होते हुए रोड शो में भी होगीआपकी उपस्थिति ये है सूत्रों से खबर!देवी जी से घंटा घर होते हुए कटरा बाजार सहित मैहर भ्रमण कर प्रदेश के मुखिया होंगे रवाना!मैहर की जनता बड़ी आस लगा कर बैठी है कि बहनों के भईया बेटियों के मामा आ रहे है ! इस बार हम मैहर के लोग इस उम्मीद में है कि प्रदेश के मुखिया श्रावण मास मे मैहर की जनता के लिए सौगात के रूप में मैहर को जिला बनाएगे! सारी बहने अपने भैया से मात्र एक ही माग कर रही हैं कि मैहर को जिला बना कर(रक्षा बंधन का अपनी बहनों को अपनी भांजियों कोऔर मैहर की जनता को) ये सौगात उपहार में दें।



# यूपीएसडीएम लड़कियों को बना रहा है सशक्त,नोएडा में पायलट प्रोजेक्ट के तहत बेटियों को दी गई सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** अब मनचलों की खैर नहीं, सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग लेकर लड़कियां बनी सशक्त पायलट प्रोजेक्ट के तहत यूपी एसडीएम 10 हजार लड़कियों को दे रहा है सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) की ओर से नोएडा के राजकीय आईटीआई और यूपीएसडीएम के कौशल सेंटर के 413 लड़कियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। राजकीय आईटीआई नोएडा सेक्टर-31 और यूपीएसडीएम के इंदिरा गांधी मेमोरियल एजुकेशन सोसाइटी और जैन कॉर्ड इंडस?ट्री आदि में यह प्रशिक्षण दिया गया। संकल्प स्कीम के तहत इस ट्रेनिंग में लड़कियों के आत्मरक्षा के अलग-अलग तकनीक सिखाई गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल लड़कियों को चेन अलार्म, सेफ्टी सीटी, स्प्रे और स्टिंगर से युक्त 'निर्भया किट' भी दिए गए। इस कार्यक्रम का मकसद लड़कियों



को आत्मरक्षा तकनीक और रणनीति सीखाकर उन्हें सशक्त बनाना है। बता दें कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत राज्य के 14 जिलों में 10 हजार लड़कियों के लिए सेल?फ डिफेंस ट्रेनिंग दिया जा रहा है। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत स्पोर्ट्स , फिजिकल एजु केशन, फिटनेस एंड लीजर-स्किल्स काउंसिल की निगरानी में स्किल?ड ट्रेनर लड़कियों को प्रशिक्षण दिया है। यूपीएसडीएम के निदेशक, आंद्रा वामसी ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आत्मरक्षा तकनीकों को सीखकर, महिलाएं खुद को बचाने और हमलावरों के खिलाफ लड़ने के लिए आत्मविश्वास और कौशल हासिल कर सकती हैं। छह महीने के इस पायलट प्रोजेक्ट से 10,000 बेटियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस पायलट प्रोजेक्ट के बाद यूपी के हर जिले के आईटीआई और यूपीएसडीएम के प्रशिक्षण केंद्रों में यह शुरू किया जाएगा। एसपीईएफएल-एससी के सीईओ तहसीन जाहिद ने कहा कि यह पहल महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस प्रशिक्षण में उन्हें तकनीक के साथ कौशल भी सीखाए जा रहे है। यह कार्यक्रम दुनिया की कुछ बेहतरीन युद्ध प्रणालियों की सर्वश्रेष्ठ आत्मरक्षा प्रथाओं और तकनीकों पर आधारित है, और शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस के महत्व पर केंद्रित है।

# राफेल, स्कोर्पियन सौदे को अंतिम रूप देने पर वार्ता जारी भारत को युद्धक विमान बनाने की तकनीक देगा फ्रांस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**भारतीय नौ सेना के लिए 26 राफेल युद्धक विमान और तीन स्कोर्पियन पनडुब्बी की खरीद को लेकर भारत और फ्रांस की सरकारों के बीच और कंपनियों के बीच सहमति बन गई है, लेकिन अभी इसकी कीमत व कुछ दूसरे तकनीकी मुद्दों को अंतिम रूप दिया जाना है। पीएम मोदी की फ्रांस यात्रा के दिन ही रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने इन दोनो की खरीद को मंजूरी दी थी। माना गया था कि पेरिस में इसकी अंतिम घोषणा होगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि दोनो पक्षों के बीच सहमति है और इन बड़े रक्षा खरीद की राह में कोई बड़ी अड़चन नहीं है। यही वजह है कि सारी तैयारी के बावजूद पिछले हफ्ते पेरिस में पीएम नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति इमानुएल मैंक्रो के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में इसका जिक्र नहीं



किया गया है। इन बड़े रक्षा खरीद की राह में कोई बड़ी अड़चन नहीं पीएम मोदी की फ्रांस यात्रा के दिन ही रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने इन दोनो की खरीद को मंजूरी दी थी। माना गया था कि पेरिस में इसकी अंतिम घोषणा होगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि दोनो पक्षों के बीच सहमति है और इन बड़े रक्षा खरीद की राह में कोई बड़ी अड़चन नहीं है।मोटे तौर पर इन दोनों की खरीद की लागत 90 हजार करोड़ रुपये आने की संभावना है। यह पूछे जाने पर कि भारत और फ्रांस की तरफ से जारी अगले 25 वर्षों के सहयोग के रोडमैप में भी इन दोनो सौदों का जिक्र नहीं होने की वजह क्या है तो उक्त सूत्रों का कहना है कि यह बहुत बड़ा मुद्दा नहीं है। भारत के नौ सेना को राफेल की जरूरत मसलन, राफेल युद्धक विमान को लेकर भारत का स्पष्ट तौर पर मानना है कि उसकी नौ सेना को इसकी जरूरत है। इसे कब अंतिम रूप दिया जाएगा, इसको लेकर भी बातचीत की जा रही है। इस बारे में दूसरे कई साझेदारों से भी बात की जानी है। स्कोर्पियन पनडुब्बी की खरीद को लेकर भी भारत और फ्रांस की कंपनियों के बीच पहले ही समझौता हो चुका है। रक्षा सौदों में आम तौर पर समझौता हो जाने के बाद उसकी गुणवत्ता व कीमत से जुड़ी कई मुद्दों को अंतिम रूप दिया जाता है।इससे भारत और फ्रांस के रक्षा संबंधों को और विश्वसनीयता मिलेगी और यह और ज्यादा प्रगाढ़ होगा।

# टॉम क्रूज की फिल्म ने हफ्तेभर में की बंपर कमाई, 100 करोड़ क्लब के करीब


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टॉम क्रूज की फिल्म मिशनः इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन भारत में अच्छा बिजनेस कर रही है। फिल्म ने रिलीज के एक हफ्ते में ही 70 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। टॉम क्रूज की मच अवेटेड एक्शन एडवेंचर फिल्म



मिशन इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन दुनियाभर में अपना जादू चला रही है। भारत में भी फिल्म अच्छा बिजनेस कर रही है। 12 जुलाई को रिलीज हुई मिशन इम्पॉसिबल 7 ने अब बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता पूरा कर लिया है। इसके साथ ही फिल्म की कमाई 100 करोड़ के करीब पहुंच गई है।मिशनः इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन हॉलीवुड की जासूसी थ्रिलर फिल्म मिशन इम्पॉसिबल की सातवीं सीरीज है। फिल्म बीते हफ्ते 12 जुलाई को दुनियाभर में रिलीज की गई है। मिशनः इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन ने ओपनिंग डे पर बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग की थी। फिल्म ने पहले दिन ही 12 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर लिया था। इसके बाद वीकेंड पर भी मिशन इम्पॉसिबल 7 के कलेक्शन में उछाल दर्ज की गई। हालांकि, मंगलवार को फिल्म के बिजनेस में कुछ गिरावट देखने को मिली। मिशनः इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन के पहले हफ्ते के कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने ओपनिंग डे यानी 12 जुलाई को 12.3 करोड़ का नेट कलेक्शन किया था। वहीं, दूसरे दिन 8.75 करोड़ और तीसरे दिन 9.15 करोड़ की कमाई की। वीकेंड पर यानी शनिवार को मिशन इम्पॉसिबल 7 ने आगे बढ़ते हुए 16 करोड़ और रविवार को 17.3 करोड़ का नेट बिजनेस किया। हालांकि, मंडे टेस्ट में फिल्म मात खाते हुए नजर आई, जो ज्यादातर फिल्मों को झेलना पड़ता है।सोमवार को मिशन इम्पॉसिबल 7 का बिजनेस गिरकर 5 करोड़ पहुंच गया। वहीं, मंगलवार को फिल्म को थोड़ा और गिरावट का सामना करना पड़ा। ऐंम्हगत्व् की रिपोर्ट के अनुसार, मिशन इम्पॉसिबल 7 ने 18 जुलाई को 4.35 करोड़ का नेट कलेक्शन किया। हालांकि, ये अभी शुरुआती आंकड़े है, इनमें फेरबदल संभव है। इसके साथ ही मिशन इम्पॉसिबल ने सात दिनों में डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर लगभग 72.85 करोड़ का नेट बिजनेस कर लिया है और अब 100 करोड़ की तरफ बढ़ रही है। मिशनः इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन का डायरेक्शन क्रिस्टोफर मैक्वेरी ने किया है। फिल्म में टॉम क्रूज के साथ हेले एटवेल, पोम क्लेमेंटिएफ, विंग रेम्स, साइमन पेग, रेबेका फर्ग्यूसन, वैनेसा किर्बी और हेनरी कजर्नी भी हैं। इसे पैरामाउंट पिक्चर्स और स्काईडांस ने प्रेजेंट किया है।

# वेडिंग वीडियो पोस्ट नहीं करना चाहते थे सिद्धार्थ मल्होत्रा, पत्नी कियारा से भी हो गई थी बहस


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इस बात में कोई शक नहीं है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा अपनी पर्सनल लाइफ को प्राइवेट रखना पसंद करते हैं। उन्होंने कियारा आडवाणी के साथ अपने रिश्ते पर हमेशा चुप्पी साध रखी। आपको जानकर हैरानी होगी कि सिद्धार्थ अपनी शादी की तस्वीरें



और वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर करने के खिलाफ थे। जी हां, कियारा आडवाणी ने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में खुलासा किया है कि सिद्धार्थ शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर नहीं करना चाहते थे, खासकर वेडिंग वीडियो। फिल्म कंपैनियन के साथ बातचीत में कियारा ने कहा- कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने शादी की तस्वीरों के बाद एक वेडिंग वीडियो शेयर किया था। क्लिप में कियारा की ब्राइडल एंट्री और सिद्धार्थ मल्होत्रा का घड़ी देखते हुए प्यारा एक्सप्रेशन था। बैकग्राउंड में रांझा सॉन्ग बज रहा था। उनका ये वीडियो अपलोड होते ही इंटरनेट पर वायरल हो गया था। इस पर काफी रील्स भी बने थे। हालांकि, कियारा और सिद्धार्थ इस वीडियो को शेयर करने में शरमा रहे थे। कियारा ने बताया कि फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा थे, जिन्होंने उन दोनों को वीडियो पोस्ट करने के लिए मनाया था। एक्ट्रेस ने इंटरव्यू में कहा- कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कुछ समय तक डेटिंग करने के बाद 7 फरवरी 2023 को राजस्थान में शादी रचाई थी। दोनों ने साथ में पहली बार 'शेरशाह' में काम किया था। इसी फिल्म के सेट पर दोनों को इश्क हुआ था। कियारा-सिद्धार्थ का वर्क फ्रंट कियारा आडवाणी जल्द ही राम चरण के साथ फिल्म 'गेम चेंजर' में दिखाई देंगी, जबकि सिद्धार्थ मल्होत्रा अपनी अपकमिंग फिल्म 'योद्धा' में जबरदस्त एक्शन करते दिखेंगे।

# बालकनी में गपशप करते दिखे कैटरीना कैफ और विक्की कौशल लग्जीरियस घर से वीडियो आया सामने

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बी-टाउन के फेवरेट कपल कटरीना कैफ और विक्की कौशल के चाहने वालों की कमी नहीं है। उनके चाहने वाले 'विकैट' के बारे में सब कुछ जानने के लिए बेताब रहते हैं। हाल ही में, कपल



का एक क्यूट मोमेंट कैमरे में कैप्चर हुआ, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।बॉलीवुड कपल कटरीना कैफ और विक्की कौशल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसमें दोनों अपने घर के बालकनी में बात करते हुए नजर आ रहे हैं। कपल कुछ दिन पहले ही वेकेशन पर गया था जहां कैटरीना कैफ का बर्थडे सेलिब्रेट किया गया था। उनका नया वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। हाल ही में, कटरीना कैफ के फैन पेज ने उनका और विक्की कौशल का एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। क्लिप में कांच के रिफ्लेक्शन के जरिए देखा जा सकता है कि कपल अपने घर की बालकनी में खड़े हैं और दोनों मुस्कुराते हुए कुछ बात करते हुए देखे जा सकते हैं। वहीं, मशहूर हिप-हॉप ग्रुप 'क्विक स्टाइल' को कटरीना और विक्की के मुंबई वाले घर में सोफे पर बैठकर बातचीत करते देखा जा सकता है। इस वीडियो में फैंस का ध्यान सिर्फ कटरीना और विक्की के गपशप ने ही नहीं, बल्कि बुकशेल्फ पर भी पड़ी। जहां बुक्स और सजावट की चीजों के साथ कटरीना और विक्की के रोमांटिक फोटो फ्रेम्स थे। एक फ्रेम में उनकी वेडिंग थी, वहीं दूसरी फोटो फ्रेम में कपल को लिप-लॉक करते हुए देखा जा सकता है। 16 जुलाई 2023 को कटरीना कैफ ने समंदर के किनारे अपना जन्मदिन मनाया था। विक्की ने रोमांटिक फोटोज के साथ अपनी लेडी लव को बर्थडे विश किया था। इस दौरान येलो कलर की वन शोल्डर ड्रेस में कटरीना बहुत सुंदर लग रही थीं। वहीं, स्काई ब्लू शर्ट में विक्की भी कम हैंडसम नहीं लग रहे थे। एक-दूसरे के प्यार में हुए अपनी फोटोज शेयर कर विक्की ने कैप्शन में लिखा था- विक्की कौशल ने कुछ दिन पहले हिट फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' दी है। इसमें वह सारा अली खान के साथ नजर आए थे। अब विक्की मेघना गुलजार की 'सैम बहादुर' में नजर आएंगे। यह 1 दिसंबर 2023 को रिलीज होगी। वहीं, कटरीना साउथ एक्टर विजय सेतुपति के साथ 'मेरी क्रिसमस' में दिखेंगी। ये मूवी 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# रानी मुखर्जी ने करण जौहर और फिल्म 'कुछ-कुछ होता है' को लेकर किया बड़ा खुलासा


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुबंई।** एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने टेलेंट को लेकर एक बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि वह हुनर को तवज्जो देती हैं और नए लोगों के साथ काम करना पसंद करती हैं।



एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने टेलेंट को लेकर एक बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि वह हुनर को तवज्जो देती हैं और नए लोगों के साथ काम करना पसंद करती हैं। हाल ही में आई फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे में रानी मुख्य किरदार के रूप में नजर आई हैं जिसे आशिमा छिब्बर ने डायरेक्ट किया है।हाल ही में आई फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे में रानी मुख्य किरदार के रूप में नजर आई हैं, जिसे आशिमा छिब्बर ने डायरेक्ट किया है। रानी कहती हैं कि, 'मैं हमेशा नए निर्देशकों को लेकर उत्साहित रही हूं। क्योंकि मेरा मानना है कि वे गलती करने के लिए लालायित रहते हैं और मुझे ये पसंद है। निश्चित रूप से यही एक कारण है कि मैंने बहुत से नए निर्देशकों के साथ काम किया और उनके साथ आपसी क्रिएटिविटी के साथ काम किया, इसलिए मैं खुद को काफी लकी भी मानती हूं।उन्होंने करण जौहर के साथ पहली निर्देशित फिल्म 'कुछ-कुछ होता है' को भी याद किया। उन्होंने याद करते हुए कहापहली बार निर्देशकों के साथ काम करने का मौका मुझे करण जौहर के साथ फिल्म 'कुछ-कुछ होता है' करने के साथ मिला। इस फिल्म ने देश के युवाओं के महत्व को काफी बढ़ाया उनके साथ क्रिएटिव रूप से काम करना मेरे लिए सरप्राइज था, क्योंकि उनके पास एक एमेजिंग स्टोरी थी।रानी ने आगे बताया, मैंने शाद अली के साथ उनकी पहली फिल्म 'साथिया' में काम किया। उन्होंने भी मुझे एक ऐसी फिल्म दी है जिस पर मुझे अपनी फिल्मोग्राफी में गर्व है! गोपी पुथरन एक और उत्कृष्ट निर्देशक हैं जिन्होंने 'मर्दानी' की दूसरी किस्त का निर्देशन किया है। रानी ने आगे कहा, उन्होंने पर्दे पर एक बेहद स्वतंत्र और साहसी महिला का निर्माण किया है और मैं ऐसा करने के लिए उनका सम्मान करती हूं क्योंकि सिनेमा महिलाओं को अच्छी तरह से प्रस्तुत करने के लिए बहुत कुछ कर सकता है।

# अनुपम खेर को जोकर बताने से दिलीप कुमार पर कमेंट करने तक, जब नसीरुद्दीन के बयान ने मचाया बवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** नसीरुद्दीन शाह हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से दशकों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कई यादगार फिल्में दी हैं। सिनेमा के साथ-साथ एक्टर कई बार विवादों को लेकर भी सुर्खियां बटोरते आए हैं। उन्होंने अब तक कई बार ऐसे बयान दिए है कि उनकी बातों ने बखेड़ा कर दिया है। फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेताओं पर कमेंट करने से लेकर राजनीतिक मुद्दों पर टिप्पणी करने तक, अब कई बार नसीरुद्दीन शाह कॉन्ट्रोवर्सी का शिकार हो चुके हैं। आइए उनके दिए कुछ सबसे विवादित बयानों पर एक नजर डालते हैं हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में दिलीप कुमार दिग्गज अभिनेताओं में गिने जाते हैं। एक्टर के निधन पर नसीरुद्दीन शाह ने शोक जताया था। इसके कुछ दिनों बाद उन्होंने एक न्यूज पेपर के लिए आर्टिकल लिखा था, जहां उन्होंने दिलीप कुमार के करियर के बारे में बात की थी। अपने आर्टिकल में उन्होंने कहा था कि दिलीप कुमार भले अच्छे एक्टर थे, लेकिन उन्होंने हिंदी सिनेमा के लिए पर्याप्त योगदान नहीं दिया। जनवरी 2020 में एक इंटरव्यू के दौरान बात करते हुए नसीरुद्दीन शाह ने अनुपम खेर के सरकार को समर्थन करने के रवैया पर कमेंट किया था। उन्होंने एक्टर को जोकर और चापलूस बताया था। उन्होंने कहा, उन्हें चापलूस



और विदूषक कहा था। नसीरुद्दीन ने एक समाचार प्रकाशन को बताया, ठअनुपम खेर जैसा व्यक्ति बहुत मुखर रहा है। मुझे नहीं लगता कि उन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत है। वो एक जोकर हैं। एनएसडी और एफटीआईआई में उनके साथ के कई लोग उनके चापलूस स्वभाव की पुष्टि कर सकते हैं। ये उनके खून में हैं, वो इसका कुछ नहीं कर सकते हैं।साल 2018 में नसीरुद्दीन ने असहिष्णुता को लेकर टिप्पणी की थी, जिसके बाद उन्हें चौतरफा ट्रोलिंग झेलनी पड़ गई थी। एक्टर ने कहा था कि उन्हें आज के भारत में डर लगता है। उन्होंने कहा था, ठमुझे डर लगता है कि किसी दिन गुस्साई भीड़ मेरे बच्चों को घेर सकती है और पूछ सकती है कि तुम हिंदू हो या मुसलमान? इस पर मेरे बच्चों के पास कोई जवाब नहीं होगा, क्योंकि मैंने उन्हें धर्म की शिक्षा नहीं दी है।असहिष्णुता मामले पर बात करते हुए उन्होंने बुलंदशहर हिंसा का जिक्र करते हुए कहा था कि आज के भारत में एक गाय की जान पुलिस वाले से ज्यादा कीमती है। एक्टर ने ये तंज उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में हुए उस घटना पर किया था, जहां मृत गाय मिलने पर लोगों का गुस्सा भड़क गया था और गुस्साई भीड़ ने एक पुलिस वाले की हत्या कर दी थी।साल 2016 में नसीरुद्दीन शाह ने राजेश खन्ना को लेकर बात करते हुए उन्हें घटिया एक्टर बता दिया था। उन्होंने कहा था कि 70 के दशक में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री औसत दर्जे की होनी शुरू हो गई थी, ये वो दौर था जब राजेश खन्ना ने फिल्म इंडस्ट्री में शामिल हुए थे।उन्होंने कहा, ठमुझे लगता है कि मिस्टर खन्ना एक बहुत ही लिमिटेड एक्टर थे। असल में, वो एक खराब एक्टर थे। दिमाग की बात करूं तो मैं अब तक जितने भी लोगों से मिला हूं उनमें से वो सबसे तेज नहीं थे। उनकी पसंद- नापसंद इंडस्ट्री पर हावी हो गई थी, स्क्रिप्ट, म्यूजिक और गानों का क्वालिटी खराब हो गई थी। रंग आ गया था। आप हीरोइन को पर्पल रंग के कपड़े पहना दो और हीरो को लाल शर्ट पहना दो, कश्मीर जाओ और फिल्म बना लो, आपको कहानी की जरूरत है ही नहीं।

# क्राइम से हटकर इस बार क्रिस्टोफर नोलन लाए हैं साइंस बेस्ड फिल्म, रिलीज से पहले ही मचा है हंगामा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म ओपेनहाइमर ने दुनियाभर में हंगामा मचा रखा है। फिल्म चंद दिनों बाद 21 जुलाई को रिलीज होने वाली है। ऐसे में ओपेनहाइमर की एडवांस बुकिंग को लेकर सिनेमा लवर्स के बीच हड़कंप मचा हुआ है। आलम ये है कि रात 3 बजे के शो भी बुक हो चुके है। ओपेनहाइमर की एडवांस बुकिंग पिछले कुछ दिनों से चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म मंगलवार तक सिर्फ भारत में 2 लाख से ज्यादा टिकट बेच चुकी है। अलग- अलग शहर के हिसाब से टिकट के दाम भी अलग है। भारत में फिल्म के टिकट की सबसे महंगी कीमत 2450 रुपये है। कुछ जगहों पर 1800 रुपये भी टिकट के दाम रखे गए है। ओपेनहाइमर को लेकर क्रेज इतना ज्यादा है कि मुंबई में फिल्म के शो 24 घंटे के लिए रखे गए है। इनमें दिन के बाद रात 12 बजे और 3 बजे के शो भी शामिल है। फिल्म की ऐसी हाइप है कि देर रात के ये शो भी भर चुके है। आइए जानते हैं कि ओपेनहाइमर में ऐसी क्या खासियत है कि फिल्म का इतना बज दुनियाभर में बना हुआ है... क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म ओपेनहाइमर की सबसे बड़ी खासियत है इसके डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन। उन्होंने अब तक जो भी फिल्में बनाई हैं, उनकी चर्चा दुनियाभर में हुई है। क्रिस्टोफर नोलन गंभीर मुद्दों को अपनी फिल्मों



के जरिए बेहद आसानी से समझाते हैं, जो देखने वाले को हैरान कर देता है और यही उनकी खासियत है। दर्शक थिएटर में ये उम्मीद लेकर जाता है कि क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म है तो ये हैरान, अविश्वसनीय, अचंभित और रोंगटे खड़े कर देने वाला अनुभव देगी। क्रिस्टोफर नोलन अब तक क्राइम थ्रिलर और सस्पेंस से भरी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन पहली बार उन्होंने साइंस में हाथ आजमाया है, वो भी जो विश्व इतिहास का हिस्सा है। इंटरस्टेलर, इन्सेप्शन, टेनेट, डनकर्क और द डार्क नाइट ट्रिलॉजी, क्रिस्टोफर नोलन की कुछ बहुचर्चित फिल्में है। भले ही इन फिल्मों को कुछ लोगों ने देखा ना हो, लेकिन नाम लगभग हर किसी ने सुना है। इन फिल्मों के बाद क्रिस्टोफर नोलन ने साइंस जैसे सब्जेक्ट को अपनी अगली फिल्म के लिए चुना, जो सबसे पहले परमाणु बम बनाने के इतिहास पर आधारित है। फिल्म की कहानी वर्ल्ड वार 2 के दौरान कई देशों के बीच न्यूक्लियर हथियार बनाने की होड़ मची हुई थी। इसमें सबसे आगे अमेरिका था, जिसे ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देशों का साथ मिल रहा था। वहीं, दूसरी तरफ जर्मनी जैसे देश भी मुकाबले में थे।ओपेनहाइमर के जरिए दिखाया गया है कि आखिर दुनिया को विनाशकारी परमाणु बम बनाने की जरूरत पड़ी क्यों और वर्ल्ड वार 2 के समय अमेरिका में क्या स्थितियां थी। फिल्म की कहानी पुलित्जर अवॉर्ड विनिंग बायोग्राफी अमेरिकन प्रोमेथियस से ली गयी है। ये किताब अमेरिकी वैज्ञानिक जे रॉबर्ट ओपेनहाइमर पर आधारित है, जिन्हें परमाणु बम का जनक कहा जाता है। उनके नाम पर ही फिल्म का टाइटल भी रखा गया है। वर्ल्ड वार 2 के दौरान उन्होंने परमाणु बम बनाने का प्रोजेक्ट शुरु किया था, जिसे मैनहट्टन प्रोजेक्ट नाम दिया गया। फिल्म के लिए किए गए रियल धमाके ओपेनहाइमर की कहानी परमाणु बम बनाने की है तो धमाके भी जरुर होंगे। फिल्म को लेकर दावा किया गया है कि इसमें सीजीआई (कंप्यूटर जनरेटेड इमेजरी) और न्नें का कोई इस्तेमाल नहीं किया गया है यानी ओपेनहाइमर के लिए असली धमाके किए गए, जो फिल्म देखने वालों का रोमांच बढ़ा रहे हैं। क्रिस्टोफर नोलन ने ओपेनहाइमर के लिए दमदार स्टार कास्ट बनाई है। फिल्म में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, किलियन मर्फी और मैट डेमन जैसे हॉलीवुड के सबसे बड़े एक्टर्स के नाम शामिल है। इनके अलावा एमिली ब्लंट, फ्लोरेंस पघ भी अहम किरदारों में हैं। रॉबर्ट ओपेनहाइमर के रोल में किलियन मर्फी हैं, जो पीकी ब्लाइंडर्स सीरीज के लिए जाने जाते हैं।

# मनीषा रानी की एक गलती पड़ी भारी, घरवालों ने उठाई उंगली, क्या छिन जाएगी कैप्टेंसी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2' दिन-ब-दिन इंट्रेस्टिंग होता जा रहा है। शो में चर्चित कंटेस्टेंट्स में से एक मनीषा रानी भी हैं। घर में उनके दोस्त भी हैं और दुश्मन भी। हाल ही में,



मनीषा रानी से एक ऐसी गलती हो गई, जिसके बाद पूरे घरवाले उन पर राशन-पानी लेकर चढ़ गए हैं। शो का नया प्रोमो सामने आया है सलमान खान के विवादित शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में आए दिन हंगामा देखने को मिलता है। अब एक बार फिर बिग बॉस के घर में बवाल हो गया है। इश बार निशाने पर मनीषा रानी हैं। शो के लेटेस्ट प्रोमो में दिखाया गया कि घरवाले मनीषा पर गुस्सा जाहिर कर रहे हैं और उनकी कैप्टेंसी पर सवाल उठा रहे हैं। लेटेस्ट प्रोमो में देखा जा सकता है कि फलक नाज से लेकर बेबीका धुर्वे तक कंटेस्टेंट मनीषा रानी की कैप्टेंसी पर सवाल उठा रहे हैं। दरअसल, हुआ यूं कि फलक नाज खाना बर्बाद होने पर मनीषा पर चिल्लाती हैं। फलक कहती हैं कि डस्टबिन खोलकर देखो, कितना खाना फेंका गया है। मनीषा रानी जवाब में कहती हैं कि कल से खाना कम क्वांटिटी में बनेगा। फलक फिर भड़क जाती हैं। मनीषा उन्हें समझाती हैं कि लोग बोलते हैं कि खाएंगे, फिर बनने के बाद नहीं खाते तो इसमें वह क्या करें। फलक उन्हें उनकी कैप्टेंसी याद दिलाती हैं। फिर मनीषा रानी, बेबीका की ओर इशारा करते हुए कहती हैं, 'वह खुद ज्यादा बना रही है और इल्जाम मेरे पर लगा रही है।' ये सुन बेबीका का पारा बढ़ जाता है। वह मनीषा को अपनी गणित ठीक करने की सलाह देते हुए निकल जाती हैं। फिर फलक से बात करते हुए कहती हैं कि उसे इतना क्या गुरूर है। जिया शंकर भी मनीषा पर तंज कसती हैं। फलक कहती हैं कि मनीषा कैप्टन बनने के लायक नहीं है। मनीषा रानी का फलक नाज, जिया शंकर, अविनाश सचदेव और बेबीका धुर्वे से छत्तीस का आंकड़ा है। बिग बॉस के घर में अक्सर इनके बीच तू-तू मैं-मैं देखने को मिली है, खासकर बेबीका के साथ। शुरू में दोनों अच्छे दोस्त थे, लेकिन फिर उनके बीच लड़ाई हो गई। बहस के बीच दोनों एक-दूसरे पर अक्सर कीचड़ भी उछालते हुए दिखाई देते हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।